संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 228
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



नारी गरिमा से खिलवाड़ स्वीकार नहीं : योगी

विजयादशमी पर समाज को तोड़ने वाली शक्तियों को करें बेनकाब



लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो समाज जगत जननी मां भगवती का उपासक है, वहां नारी गरिमा के विपरीत आचरण की कोई जगह नहीं हो सकती। सनातन परंपरा ने सदैव मातृशक्ति की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा को सर्वोच्च स्थान दिया है। नवरात्रि में कन्याओं का पूजन इसी भाव का प्रतीक है। सरकार ने इस परंपरा को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को शासन–प्रशासन की कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाया है। मिशन शक्ति अभियान इसी संकल्प से प्रेरित है। मुख्यमंत्री सोमवार को शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जगत जननी मां भगवती का नवम स्वरूप सभी सिद्धियां प्रदान करने वाला है। महानवमी पर कन्या पूजन के माध्यम से सनातन धर्मावलंबी मातृशक्ति के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। बासंतिक और शारदीय नवरात्रि की परंपरा नारी के प्रति सर्वोच्च सम्मान का संदेश देती है। गोरखनाथ मंदिर की इस पावन परंपरा से जुड़कर कन्याओं का पूजन और उन्हें भोजन कराने का अवसर मिलना उनका सौभाग्य है। नारी सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। प्रदेश के प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए अलग कक्ष की व्यवस्था है, जहां महिला बीट पुलिस अधिकारी अथवा उपनिरीक्षक स्तर की महिला अधिकारी उनकी समस्याएं सुनती हैं। महिलाओं की सहायता के लिए 1090 हेल्पलाइन भी संचालित है। 2017 तक उत्तर प्रदेश पुलिस में लगभग 10 हजार महिला कार्मिक थीं। आज यह संख्या बढ़कर करीब 45 हजार हो गई है। पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं। महिला पुलिसकर्मी प्रदेश में बेहतर सुरक्षा का माहौल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से स्नातक तक की शिक्षा के लिए विभिन्न चरणों में 25 हजार रुपये उपलब्ध कराए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। अब तक पांच लाख से अधिक कन्याओं के विवाह इस योजना के माध्यम से संपन्न हो चुके हैं। प्रदेश में 54 हजार बीसी सखी ग्राम पंचायतों में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसे कार्यक्रमों से भी महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। शारदीय नवरात्रि में प्रदेश के 45 हजार स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडाल स्थापित किए गए हैं। देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मां विंध्यवासिनी धाम में कॉरिडोर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। शक्तिपीठ देवीपाटन, सहारनपुर स्थित मां शाकंभरी पीठ और सीतापुर के ललिता देवी शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। दर्शनार्थियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए प्रबंध किए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मंगलवार को विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। यह अधर्म, असत्य और अन्याय पर धर्म, सत्य और न्याय की विजय का उत्सव है। प्रभु श्रीराम की विजय का यह पर्व समाज को बुराइयों से मुक्त होने का संदेश देता है। रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों के दहन के साथ नशे, भ्रष्टाचार, अराजकता, असुरक्षा आतंकवाद जैसी बुराइयों के खात्मे का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने समाज की एकता को भंग कर राष्ट्र को कमजोर करने का प्रयास करने वाले अराजक तत्वों को बेनकाब करने का आह्वान किया। कहा कि विजयादशमी पर रामलीला और पुतला दहन के आयोजनों के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को महानवमी की बधाई देते हुए मां भगवती से सभी के सुख और समृद्धि की कामना की। विजयादशमी की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्व केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज को नशे, भ्रष्टाचार, अराजकता और विभाजनकारी प्रवृत्तियों से मुक्त करने का संकल्प लेने का भी अवसर है।

'जिद छोड़ माफी मांग, वरना भुगतना होगा

अब लॉरेंस के भाई ने दी सलमान को धमकी

अबोहर। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुए हालिया हमले के बाद जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के परिवार की तरफ से एक बड़ा बयान सामने आया है। लॉरेंस बिश्नोई के चचेरे भाई रमेश बिश्नोई ने सोमवार को कहा कि सुपरस्टार सलमान खान को बिश्नोई समाज से माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा इसके खतरनाक परिणाम भुगतने होंगे। लॉरेंस बिश्नोई गैंग की सलमान खान से दुश्मनी साल 1998 में राजस्थान में फिल्म हम साथ–साथ हैं की शूटिंग के दौरान हुए काले हिरण शिकार मामले से जुड़ी है। इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने 2018 में सलमान को दोषी ठहराया था, जिसके खिलाफ अभिनेता ने उच्च अदालतों में अपील की है और वह खुद को बेकसूर बताते आ रहे हैं।

जो सलमान के साथ काम करेगा, भुगतेगा



टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले के बाद समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए रमेश बिश्नोई ने कहा कि जैसा कि आपने ऑडियो में सुना, मैंने भी वही सुना कि हमने उसे रोक दिया है और एक बार फिर चेतावनी देना चाहते हैं कि जो कोई भी सलमान खान के साथ काम करेगा, उसे परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह सिर्फ लॉरेंस बिश्नोई गैंग की बात दोहरा रहे हैं, ये मेरे शब्द नहीं हैं, मैं केवल इस मामले पर उनकी भावनाओं का हवाला दे रहा हूं। रमेश ने आगे कहा कि मैं सलमान खान के परिवार से कहना चाहूंगा कि वे अपनी जिद छोड़ दें। यह पूरे समाज से जुड़ा मुद्दा है और समाज के भीतर भारी गुस्सा है। उन्होंने दावा किया कि लॉरेंस अकेले कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं रख रहा है, बल्कि वह पूरे समाज के गुस्से को जाहिर कर रहा है। रमेश के मुताबिक, लॉरेंस ने सलमान खान के सामने एक सीधा समाधान रखा था कि वे आगे आकर माफी मांग लें, लेकिन अभिनेता माफी नहीं मांगना चाहते।

अहमदाबाद ब्लास्ट केसः सुप्रीम कोर्ट ने दोषी मोहम्मद तनवीर की फांसी पर लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2008 में अहमदाबाद में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में संलिप्तताा के लिए दोषी ठहराए गए इंडियन मुजाहिदीन के एक सदस्य को सुनाई गई मौत की सजा पर रोक लगा दी है। इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह की पीठ ने दोषी मोहम्मद तनवीर की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई। तनवीर ने गुजरात उच्च न्यायालय के सात जुलाई के फैसले को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने सात जुलाई को सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन के 38 सदस्यों की मौत की सजा बरकरार रखी थी। उच्च न्यायालय ने सजा बरकरार रखने के प्रमुख कारणों में बड़ी संख्या में लोगों की मौत, साजिश की व्यापकता और बड़े पैमाने पर आतंक फैलाने के इरादे का उल्लेख किया था। अहमदाबाद के विभिन्न इलाकों में 26 जुलाई, 2008 को 70 मिनट के भीतर 21 बम धमाके हुए थे। इनमें 56 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक लोग घायल हुए थे। उच्चतम न्यायालय ने नौ अक्टूबर के अपने आदेश में कहा, ''अपीलकर्ता (तनवीर) को सुनाई गई मौत की सजा पर रोक रहेगी।'' न्यायालय ने निचली अदालत और उच्च न्यायालय से मामले के मूल रिकॉर्ड मंगाने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने गुजरात सरकार को आठ सप्ताह के भीतर तनवीर से संबंधित सभी परिवीक्षा अधिकारियों की रिपोर्ट पेश करने को कहा। उसने संबंधित जेल अधीक्षक को भी आठ सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया, जिसमें जेल में तनवीर द्वारा किए गए काम की प्रकृति तथा उसके आचरण और व्यवहार का ब्योरा हो।

कांग्रेस में लौटे राम शरण नौटियाल, कुमारी शैलजा ने किया स्वागत

नई दिल्ली,एजेंसी। आईसीसी की महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा ने राम शरण नौटियाल का कांग्रेस पार्टी में वापस स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में काम करने का उनका अनुभव, उस पार्टी की कार्यप्रणाली को समझने में मददगार साबित होगा। दिल्ली में बात करते हुए, शैलजा ने बताया कि नौटियाल कांग्रेस में वापस आकर बहुत खुश हैंकृवही पार्टी जिसकी विचारधारा का वे पहले भी समर्थन करते थे। शैलजा ने कहा कि उन्होंने करीब से देखा है कि ठश्रच के भीतर चीजें कैसे चलती हैं। वे खुद आपको इस बारे में बताएंगे। वे अपनी पार्टी और अपनी विचारधारा के बीच वापस आकर सच में बहुत खुश हैं। उन्होंने नौटियाल की वापसी को कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के एक मौके के रूप में देखा, खासकर उन लोगों के लिए जो पार्टी के सिद्धांतों में विश्वास रखते हैं। शैलजा ने उन लोगों को भी पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया जो कांग्रेस की विचारधारा से सहमत हैं और राहुल गांधी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे सभी लोगों को कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं जो कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखते हैं और राहुल गांधी जी तथा मल्लिकार्जुन खड़गे जी जैसे नेताओं पर भरोसा करते हैं। उत्तराखंड के मुद्दों पर बात करते हुए, शैलजा ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और जनता के बीच भारी असंतोष का आरोप लगाया।



फतेहपुर में केशव मौर्य का अखिलेश और राहुल गांधी पर हमला, बोले- `100-100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली'

पीडीए के घोषणा पत्र पर अखिलेश यादव को घेरा, मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने का लगाया आरोप

राहुल गांधी के आंदोलन और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग पर भी साधा निशाना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को फतेहपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। अखिलेश यादव की ओर से 26 नवंबर को पीडीए का घोषणा पत्र जारी करने के ऐलान पर निशाना साधते हुए मौर्य ने कहा, "100–100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली।" उप मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव की सरकार के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर बने मेडिकल कॉलेज का बोर्ड हटाया गया और उसका नाम बदला गया। उन्होंने कहा कि ऐसे में अखिलेश यादव बाबा साहब के अनुयायी होने और दलितों–पिछड़ों के हितैषी होने का दावा कैसे कर सकते हैं। मौर्य ने पीडीए के मुद्दे पर सपा की राजनीति पर सवाल उठाते हुए विपक्ष को घेरने की कोशिश की। उन्होंने राहुल गांधी के आंदोलन को लेकर केशव प्रसाद मौर्य ने आरोप लगाया कि विदेशी शक्तियों के इशारे पर देश में अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता की अदालत में नकारे गए लोग आंदोलनों के जरिए राजनीतिक माहौल खराब करना चाहते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे आंदोलनों से क्या राहुल गांधी प्रधानमंत्री और अखिलेश यादव दोबारा मुख्यमंत्री बन पाएंगे? मौर्य ने विपक्ष पर तख्तापलट जैसी सोच रखने का आरोप भी लगाया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे सीजेपी आंदोलन पर भी उप मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस मांग को बकवास बताते हुए इसके पीछे विदेशी शक्तियों की साजिश होने का आरोप लगाया। मौर्य ने कहा कि कुछ लोगों को भारत की प्रगति सहन नहीं हो रही है। उन्होंने दावा किया कि जनता ने इस आंदोलन को नकार दिया है और यह फ्लॉप शो साबित हुआ है। फतेहपुर में उप मुख्यमंत्री के इन बयानों के बाद प्रदेश की राजनीति में पीडीए, विपक्षी आंदोलनों और चुनावी मुद्दों को लेकर सियासी बयानबाजी एक बार फिर चर्चा में आ गई है।



टाइगर श्रॉफ की कार पर मुंबई में फायरिंग, एफडब्ल्यूआईसीई ने उठाई सुरक्षा की मांग

नई दिल्ली,एजेंसी। फिल्म कर्मियों की संस्था फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (एफडब्ल्यूआईसीई) ने अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी की घटना की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि इस तरह की घटनाएं फिल्मी हस्तियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं। मुंबई के जुहू इलाके में रविवार शाम को हमलावरों ने टाइगर श्रॉफ की कार पर गोलियां चलाईं जिसमें 36 वर्षीय अभिनेता बाल–बाल बच गए। एक वायरल वीडियो में अज्ञात व्यक्ति अभिनेता की कार पर गोलियां चलाते दिख रहा है। पुलिस के अनुसार, इस घटना में श्रॉफ के ड्राइवर और एक ऑटो–रिक्शा चालक घायल हो गए। एफडब्ल्यूआईसीई द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, ''हिंसा और डराने–धमकाने की ऐसी हरकतें बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं हैं। ये भारतीय फिल्म उद्योग से जुड़ी हस्तियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं। यह बेहद परेशान करने वाली बात है कि फिल्म उद्योग की किसी जानी–मानी हस्ती के साथ हुई यह दूसरी ऐसी घटना है।

एसआईआर प्रक्रिया पर जयराम रमेश ने उठाए सवाल, वोटर लिस्ट से नाम हटाने को बताया असंवैधानिक

नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस ने सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को ''अवैध और असंवैधानिक'' करार देते हुए इसे तत्काल रोकने की मांग की और कहा कि मतदाता सूचियों से गलत तरीके से हटाए गए सभी मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक खबर का हवाला देते हुए दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हटाए गए मतदाताओं में बड़ी संख्या 'एएसडीडी' (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट) श्रेणी की है और भाजपा तथा उसके ''अनौपचारिक प्रवक्ता'' इसे मतदाता सूचियों की 'सफाई' बताकर इस प्रक्रिया का बचाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में नागरिक अधिकार संगठनों द्वारा किए गए एक सार्वजनिक ऑडिट में 'एएसडीडी' के नाम पर मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाए जाने के मामले सामने आए हैं। कांग्रेस नेता के मुताबिक, महज दो मतदान केंद्रों पर कम से कम 100 ऐसे मतदाता मिले, जिनके नाम 'एएसडीडी' श्रेणी में गलत तरीके से हटा दिए गए और इनमें से ज्यादातर को 'स्थानांतरित' या 'अनुपस्थित' बताया गया था। रमेश ने दावा किया कि देश भर में केवल 'स्थानांतरित' और 'अनुपस्थित' श्रेणियों में नौ करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने सवाल किया कि इनमें से कितने वास्तविक मतदाता हैं जिन्हें मतदान के अधिकार से वंचित किया जा रहा है? उन्होंने निर्वाचन आयोग की ओर से कथित तौर पर आयोजित किए जा रहे ''विशेष शिविरों'' और घर–घर जाकर सत्यापन किए जाने पर भी सवाल उठाया। रमेश ने दावा किया कि गलत तरीके से मतदाता सूची से हटाए गए कई लोगों को इन शिविरों की जानकारी नहीं है और न ही बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) ने उनसे संपर्क किया है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि एसआईआर से पैदा हुई कथित गड़बड़ियों को दूर करने की जिम्मेदारी नागरिक संगठनों की नहीं, बल्कि निर्वाचन आयोग की है।



बंबई उच्च न्यायालय का अहम फैसला, प्रदर्शन शांतिपूर्ण हो और अपराधियों को जगह न मिले

मुंबई,एजेंसी। बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना मौलिक अधिकार है लेकिन पुलिस की कार्रवाई पर व्यापक रोक लगाने का आदेश देने से पहले प्रदर्शनकारियों की पृष्ठभूमि और आम लोगों को होने वाली असुविधा जैसे पहलुओं पर भी विचार किया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार को उन याचिकाओं पर जवाब देने का निर्देश दिया, जिनमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ मुंबई में हाल में हुए प्रदर्शनों के दौरान पुलिस पर लोगों को अवैध रूप से हिरासत में लेने के आरोप लगाए गए हैं। अदालत अधिवक्ता सावर देवरे की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में दिल्ली में प्रदर्शनों के समर्थन में यहां शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफ पुलिस की कथित बर्बरता और उन्हें हिरासत में लिए जाने का मुद्दा उठाया गया था। याचिका में पुलिस को ऐसे शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में शामिल किसी भी व्यक्ति को हिरासत में नहीं लेने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। अधिवक्ता गायत्री सिंह ने सोमवार को चार लोगों की ओर से आवेदन पेश किया।



सौरभ दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की पुलिस ने की मांग, कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

दिल्ली,एजेंसी। एसईएम कोर्ट ने सीजेपी के सह–संयोजकों सौरव दास और आशुतोष रांका की रिहाई पर फैसला सुरक्षित रखा है। दिल्ली पुलिस ने उनकी हिरासत बढ़ाने की मांग की है, क्योंकि रिहाई से शांति और कानून–व्यवस्था बिगड़ने का अंदेशा है। जानकारी के अनुसार, सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली की स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) अदालत ने पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजते हुए तिहाड़ जेल भेजने के आदेश दिए हैं। इन दोनों नेताओं पर पहले से तय बेल बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर, इसी मामले में शामिल तीसरे नेता अजिंक्य शिंदे को राहत देते हुए अदालत ने उनसे नया बेल बॉन्ड भरवाकर प्रक्रिया पूरी की है। जंतर–मंतर को प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों की सूची से हटाए जाने के बाद भी सीजेपी के नेताओं ने वहां विरोध प्रदर्शन किया। रांका, दास और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पार कर अंदर पहुंचे और तिरंगा लहराते हुए नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस की कार्रवाई ऐसे समय हुई, जब सीजेपी और विपक्षी दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग का विरोध कर रहे हैं।



सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या अब राष्ट्रीय ध्वज फहराना भी गैरकानूनी हो गया है? उन्होंने कहा कि आशु और सौरव को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

शुभकामना

दशहरा के शुभ अवसर पर समस्त नागरिकों, सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनायें।

-सम्पादक

सूचना

दशहरा के उपलक्ष्य में प्रेस व कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 22 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

-व्यवस्थापक

संपादकीय

देशभक्ति, स्टारलिंक और एकाधिकार

एयरपोर्ट के फूड कोर्ट में वेटर ने पूछा, ''सर, क्या आप अपनी कॉफी के साथ कुछ और लेना चाहेंगे?'' मैंने कहा, ''हां, एक छोटा–सा लोन दे दीजिए।'' वह मुस्कुरा दिया।मैंने समझाया, ''मैंने पार्किंग के पैसे तो पहले ही भर दिए हैं। अगर मैं आपका सैंडविच भी खरीद लूं, तो शायद मेरे बच्चों की पढ़ाई ही छूट जाएगी।'' एक समय था जब हम एयरपोर्ट पर हवाई जहाजों को उड़ान भरते देखने जाते थे। आजकल, हम अपनी बचत को भी उसी तरह 'उड़ते' हुए देखते हैं। और नहीं, जब मैं 'मोनोपोली' (एकाधिकार) की बात कर रहा हूं, तो मेरा मतलब बोर्ड गेम से नहीं है। कम से कम उस गेम में तो हर कोई कुछ पैसों के साथ शुरुआत करता है। जरा उन सुविधाओं पर नजर डालिए जो कभी सरकार चलाती थी और अब निजी हाथों में हैं। हमसे 'दक्षता' का वादा किया गया था। बहुत बढिया! लेकिन क्या कोई समझा सकता है कि इस 'दक्षता' का मतलब मेरी जेब को पूरी तरह खाली कर देना क्यों है? ''सर, ये प्रीमियम सुविधाएं हैं।'' ''मैंने तो बस अपनी कार पार्क की थी। क्या आपने उसे कोई मसाज दी है?''निजी कंपनियां बेशक सेवाओं में सुधार कर सकती हैं लेकिन किसी सार्वजनिक सुविधा को निजी हाथों में सौंप देने से अपने आप प्रतिस्पर्धा पैदा नहीं हो जाती। नीलामी के समय तो कई बोली लगाने वालों के पास विकल्प हो सकते हैं लेकिन एक बार कॉन्ट्रैक्ट मिल जाने के बाद, ग्राहक के पास क्या विकल्प बचता है? इसी बात से मुझे स्टारड्क्षलक को लेकर हो रहे देशभक्तिपूर्ण विरोध की याद आती है। कुछ लोग इसे बाहर रखने की बात कर रहे हैं, उनका तर्क है कि कोई विदेशी कंपनी हमारे 'घर' (बाजार) में घुस रही है। सरकार का कहना है कि तीनों लाइसैंस प्राप्त सैटेलाइट ऑप्रेटरों का सुरक्षा मूल्यांकन किया जाएगा। यह ठीक है, नियमों को सख्ती से और सबके लिए समान रूप से लागू करें लेकिन देशभक्ति को किसी के बिजनैस साम्राज्य के बाहर तैनात 'सिक्योरिटी गार्ड' नहीं बन जाना चाहिए। ''कौन आ रहा है?'' ''एक प्रतियोगी।'' ''देश के लिए खतरा!'' ''और ग्राहक का क्या?'' ''उसे तो बस गर्व महसूस करने का निर्देश दिया गया है।'' मुझे कहीं ज्यादा गर्व होता अगर मेरा इंटरनैट तब भी काम करता, जब पूरा परिवार मेरे वाई–फाई से जुड़ जाता! याद है, जब सड़कों पर एंबैसेडर और फिएट कारों का बोलबाला हुआ करता था? कार खरीदने के लिए पैसे और ध ैर्य के साथ–साथ, एक ऐसे मैकेनिक से अच्छे रिश्ते की भी जरूरत होती थी, जो कभी–कभी आपकी शादी से भी ज्यादा लंबे समय तक आपका साथ निभाता था! गाड़ी खडखड़ाती थी। दरवाजे खुलते समय आवाज करते थे। इंजन स्टार्ट होने से पहले मानो आपस में कोई मीटिंग करता था कि आज चालू होना है या नहीं। हम इसे ही देशभक्ति कहते थे, जबकि वह कार किसी रोडरोलर की तरह रेंगती हुई आगे बढ़ती थी। फिर और निर्माता आए तथा अचानक ग्राहकों को एक हैरान करने वाली बात पता चली। उनके पास चुनने का विकल्प था। निर्माताओं को बेहतर काम करना पड़ा, क्योंकि ग्राहक किसी दूसरे शोरूम में जा सकते थे। प्रतिस्पर्धा की यही खूबी है। यह कारोबारियों को यह याद रखने के लिए प्रेरित करती है कि ग्राहकों के पास चलने–फिरने के लिए पैर हैं। अब, स्टारलिंक कोई ऐसी खैरात नहीं है जो आसमान से मुफ्त इंटरनैट लेकर उतरी हो। इसकी कीमतें भी ऐसी होनी चाहिएं, जिन्हें हम स्वीकार कर सकें। न तो कोई भारतीय अरबपति और न ही कोई अमरीकी अरबपति ऐसा है, जिसके प्रति हमें बिना सोचे–समझे समघ्पत हो जाना चाहिए। उन्हें हमारे ग्राहकों के लिए आपस में मुकाबला करने दें। भारतीय कंपनियों को भारतीयों की बेहतर सेवा करके और मजबूत होने दें। और कृ पया नागरिकों से यह कहना बंद करें कि वे राष्ट्रीय ध्वज लहराकर किसी कंपनी की बैलेंस शीट बचाएं। देशभक्ति का मतलब यह होना चाहिए कि हम अपने लोगों के लिए सबसे अच्छा चाहते हैं–सही कीमतें, भरोसेमंद सेवाएं और चुनने के लिए असली विकल्प। किसी देश की महानता इस बात से नहीं मापी जा सकती कि कुछ भारतीय कारोबारी कितनी चौन की नींद सोते हैं, जबकि लाखों लोग अपने बिलों की चिंता में डूबे रहते हैं। और कंपनियों को आने दें। प्रतिस्पर्धा होने दें। और जब कोई चिल्लाकर कहे, ''इसे देश के लिए खरीदो!'' तो विनम्रता से पूछें, ''क्या इसका मुनाफा देश को मिलेगा, या सिर्फ किसी भारतीय अरबपति को?''

भारतीय न्याय व्यवस्था खर्चीली व समय बर्बाद करने वाली

प्रो. दरबारी लाल

एक सर्वे के अनुसार वर्तमान लंबित मुकद्दमों से निपटने के लिए कम से कम 500 वर्ष लगेंगे जबकि औसतन भारतीय की आयु 68 वर्ष है।

भारतीय न्यायिक व्यवस्था बेहिसाब खर्चीली, बेहद पेचीदा, आधुनिक प्रगतिशील और प्रतिस्पर्धात्मक युग में देशवासियों का अनावश्यक कीमती समय बर्बाद करने वाली, शरीर को पूरी तरह थका देने वाली और मानसिक बेचौनी और परेशानियों से संतुलन बिगाडने वाली तथा विकसित समाज के रास्ते में एक बड़ी रुकावट है। यह बेदर्दाना नवाबी नजरिया फरियादियों के लिए निहायत निराशाजनक, अफसोसनाक और हैरतअंगेज ही नहीं, बल्कि समूचे समाज के लिए अविश्वसनीय, अकथनीय और अत्यधिक परेशानियों का सबब बना हुआ है, जो समूची व्यवस्था के लिए तौर–तरीकों पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। तारीख पर तारीख की संस्कृति न्याय के इच्छुक लोगों के जज्बातों को भी मजरूह करती है। स्वतंत्रता के पश्चात संविध ान लागू होने से अब तक (1950–2026), भारत की सभी अदालतों में 5 करोड़ 49 लाख के करीब मुकद्दमे विचाराधीन हैं, इनमें से कई केस 10 से 30 वर्षों से लटके हुए हैं और कई लोग न्याय की इंतजार में अल्लाह मियां को प्यारे हो चुके हैं। अब उनकी दूसरी पीढ़ी इंसाफ पाने के लिए ठोकरें खा रही है। हकीकत में भारत में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 100 करोड़ लोग बुरी तरह प्रभावित हैं। जबकि भारत की कुल आबादी 1 अरब 45 करोड़ है। इतनी भारी संख्या में लंबित मामले विश्व के शायद ही किसी अन्य देश में हों। एक सर्वे के अनुसार वर्तमान लंबित मुकद्दमों से निपटने के लिए कम से कम 500 वर्ष लगेंगे जबकि औसतन भारतीय की आयु 68 वर्ष है। अगर इसी धीमी गति से व्यवस्था चलती रही तो जीवित व्यक्ति के लिए न्याय पाना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। विश्व के 10 छोटे देशों की इतनी आबादी नहीं, जितने भारत में न्यायालयों में मुकद्दमे दर्ज हैं। चीन में 4 करोड़ 60 लाख केस प्रति वर्ष न्यायालयों में दर्ज होते हैं, जिनमें से 99 प्रतिशत केसों का 1 वर्ष में निपटारा कर दिया जाता है, जबकि चीन की आबादी 142 करोड़ है। विश्व के सबसे शक्तिशाली और प्रजातांत्रिक देश अमरीका में 3. 98 करोड़ के करीब दीवानी केस हर वर्ष दाखिल होते हैं, जिन पर बड़ी तेजी से फैसले लिए जाते हैं, केवल फौजदारी मुकद्दमों में देरी होती है। अमरीका की आबादी 35 करोड़ के करीब है। मुकद्दमों के शीघ्र निपटारे से जहां लोगों का समय और धन बचता है, वहीं दूसरी तरफ आध्थक विकास में आश्चर्यजनक इजाफा होता है। यदि अमरीका और चीन में करोड़ों मुकद्दमों का 1 वर्ष में फैसला किया जा सकता है, तो भारत में क्यों नहीं? इस समय केवल सुप्रीम कोर्ट में 26,979 याचिकाएं पड़ी हैं और देश की हाईकोर्टों में इनकी संख्या कई हजारों में है। इन याचिकाओं को निजी स्वार्थ, धन लोलुपता या बदलाखोरी के लिए दुरुपयोग किया जाता है। न्यायपालिका में केवल 11.8 प्रतिशत याचिकाओं को स्वीकृति प्रदान की जाती है, जबकि 88.2 प्रतिशत को खारिज कर दिया जाता है। ताज्जुब यह है कि स्वीकृत याचिकाओं में भी 61 प्रतिशत खारिज हो जाती हैं। यह याचिकाएं केवल न्यायालयों पर गैर जरूरी बोझ ही नहीं, बल्कि लोगों के लिए भी अत्यधि क परेशानियां पैदा होती हैं। कई बार सत्ता पक्ष के नेता अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को रास्ते से हटाने के लिए झूठे और बेबुनियाद केस डाल देते हैं, जिनके फैसले में पूरा जीवन इंतजार करना पड़ता है। सरकार को बंद ज्यूरी ट्रायल कोर्ट्स पुनरू बहाल करनी चाहिएं ताकि जल्द फैसले किए जा सकें। कुल मुकद्दमों में 1 प्रतिशत तलाक के मामले दर्ज हैं जिन्हें बड़ी आसानी और कम समय में निपटाया जा सकता है, जबकि भारत में इन केसों को निपटाने के लिए 10 से 15 साल लग जाते हैं। भारत के एक प्रदेश के मुख्यमंत्री को तलाक लेने में 17 वर्ष लगे। विकसित देशों में इन केसों का कुछ ही महीनों में फैसला कर दिया जाता है। मुकद्दमों में देरी और पेचीदगियों के कारण न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता में कमी आ रही है, जिसे दुरुस्त करना समय की जरूरत है। अमरीका में 10 लाख आबादी पर 130 न्यायाधीश हैं, चीन में 300, जबकि भारत मे केवल 15 हैं। लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए सरकार को अतिशीघ्र न्यायधीशों के खाली पद भरने चाहिएं और जरूरत के अनुसार इनकी संख्या में वृद्धि करनी चाहिए। कई प्रदेशों की सरकारें दीवानी केसों को अपने स्तर पर निपटाने की बजाय लोगों को कोर्टों में जाने के लिए मजबूर कर देती हैं, जिससे न्याय पालिका में मुकद्दमों की तादाद तीव्र गति से बढ़ती रहती है। केंद्र सरकार को सभी प्रादेशिक सरकारों को सख्त हिदायत देनी चाहिए ताकि वे उन केसों का अपने अधिकारियों के जरिए निपटारा करें, समय की बर्बादी से बचें और लोग कोर्टों में ठोकरें खाने से निजात पा सकें। सभी प्रकार के न्यायिक मामलों के लिए समय निश्चित किया जाए और माननीय न्यायाध ीशों को जिम्मेदारी और जवाबदेही की व्यवस्था में लाया जाए। भारतीयों के लिए यह गर्व का विषय है कि माननीय न्यायाधीश योग्य, कार्यकुशल और अपने फैसलों के लिए विश्व में विशेष स्थान रखते हैं, परंतु लंबित मामले समाज के लिए अति दुखदायी हैं। ब्रिटेन के प्रध ानमंत्री लार्ड ग्लैडस्टोन ने लोगों की न्यायिक परेशानियों पर संसद में अपने भाषण में कहा था हकीकत में न्याय में देरी न्याय से ही इंकार है।

नशों का संताप भोगता पंजाब

कुलदीप सिंह काहलों

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' के समापन पर जालंधर में 30 सितम्बर, 2026 को सार्वजनिक तौर पर यह घोषणा की कि उनकी पार्टी 31 दिसम्बर, 2029 तक पंजाब को 'चिट्टा' मुक्त कर देगी। इसी तरह कुछ अन्य राजनीतिक पार्टियां, सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं भी नशे के विरुद्ध निर्णायक कार्यों में जुटी हुई हैं। श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार कुलदीप सिंह गडगज्ज ने 'मीरी पीरी खालसा मार्च' के दौरान नशे की रोकथाम के लिए विशेष रूप से गांवों में प्रचार करते हुए नशा पीड़ितों को दुत्कारने की बजाय सहानुभूति के साथ सुधार की जरूरत पर जोर दिया। अफसोस की बात तो यह है कि अनेक प्रयासों के बावजूद देश भर में, खास तौर पर पंजाब में शायद ही कोई ऐसा दिन बीतता हो, जब नशे के सेवन के कारण युवाओं की मौतें, आत्महत्याएं, हत्या, लूट–खसूट, गैंगस्टरवाद और बिगड़ती कानून–व्यवस्था से जुड़े घिनौने कांड सामने न आते हों। 4 अक्तूबर को अंग्रेजी के एक राष्ट्रीय स्तर के अखबार में नशे के संबंध में बठिंडा से प्रकाशित खबर ने मेरा ध्यान आकर्षित किया, तो मेरी इस कलम ने इस गंभीर समस्या की ओर रुख किया। विश्वसनीय खबर के अनुसार तलवंडी साबो उपमंडल के अंतर्गत पड़ते माही नंगल गांव के निकट 23 वर्षीय मृतक युवक के बाजू में धंसी हुई सिरिंज मिली। वास्तव में राजप्रीत सिंह 2 अक्तूबर की शाम से लापता था। उसके पारिवारिक सदस्यों के अनुसार राजप्रीत को 6 महीनों से चिट्टे की लत लग चुकी थी और वह उपचाराधीन भी रहा। वह अपने पीछे विधवा मां और एक साल के बच्चे वाली पत्नी को छोड़ गया। माता मनदीप कौर ने रोते–बिलखते सरकार से इस प्रकार अपील की, ''हमें 1000–1500 रुपए की जरूरत नहीं है। गांवों और शहरों में नशा बेचना बंद करो। हम खुद इतने पैसे इकट्ठे करके सरकार को दे दिया करेंगे।'' संभवतः ग्रामीणों को भी यह अहसास हो चुका है कि कर्जों के सिर पर सरकार चल रही है और शायद उसे फंड की जरूरत हो। इससे बढ़कर शर्मनाक फटकार सरकार के लिए और क्या हो सकती है? ग्रामीणों के अनुसार इस गांव के कई युवा पहले भी नशे का शिकार हो चुके हैं। नशे के विरुद्ध युद्ध के 19 महीने पूरे होने पर पंजाब के विशेष डी.जी.पी. (कानून एवं व्यवस्था) प्रवीन कुमार सिन्हा ने आंकड़े जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि 1 मार्च, 2023 से अब तक 63,616 प्राथमिकियां दर्ज करके 81,107 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। 4161 किलो हैरोइन, 10 क्विंटल अफीम, 476 क्विंटल भुक्की (पोस्त), 103 किलो चरस, 1747 किलो गांजा, 65.75 लाख नशीली गोलियां और 22.2 करोड़ ड्रग मनी भी जब्त की गई। बी.एस.एफ. पंजाब फ्रंटियर के आई.जी. अतुल फुलजेले के अनुसार बीते 9 महीनों के दौरान पाकिस्तान से तस्करी कर लाई गई 850 किलो हैरोइन पकड़ी गई, जबकि वर्ष 2025 में 415 किलो बरामद की गई थी। यह एक कड़वी सच्चाई है कि हजारों की तादाद में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करोंध्अपराधियों को कानूनी कमियों के कारण और राजनीतिक दबाव में रिहा कर दिया जाता है। सवाल यह भी है कि नशे के जखीरे को रीसाइकिल करके कहीं दोबारा गांवों और कैमिस्टों के पास तो नहीं पहुंचाया जा रहा? यह सब कुछ राजनीतिक नेताओं, उच्च पुलिस अधिकारियों, नशा तस्करों और सरकार के कमाऊ पूतों (पुलिस) की मिलीभगत का ही नतीजा हो सकता है। कुछ नेता और पुलिस अधिकारी परिणाम भुगत भी रहे हैं। नौकरियों का झांसा देने वाले नेताओं को यह अहसास होना चाहिए कि आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी.एल.एफ.एस.) के पिछले सर्वे के अनुसार बेरोजगारी की औसत दर पंजाब में 22.3 प्रतिशत रही, हिमाचल में 24.1 प्रतिशत और हरियाणा में 11.8 प्रतिशत, जबकि देश की औसत दर 15.9 प्रतिशत थी। पंजाब के हुक्मरानों जागो! युवाओं को गुमराह करने की बजाय उनके सुनहरे भविष्य के लिए प्रयासरत होओ, उनकी बीमारियों और नशे के कारण मौतें बढ़ती जा रही थीं। भारत की आजादी के 2 वर्ष बाद वर्ष 1949 में चीन में जबरदस्त क्रांति आई। सबसे पहले पी. एल.ए. की देखरेख में नशे के विरुद्ध कड़ा कानून बनाया गया। फिर नशे के भंडारों को आग के हवाले करके ड्रग



समस्याएं हल हों। भारत से सभी युद्ध हारने के बावजूद पाकिस्तान भारत को 'हजार घाव देने' की नीति के तहत हमारे देश के भीतर नशे और जासूसी का जाल बिछाकर 'हनी ट्रैप' के जरिए युवा पीढ़ी को इस हद तक कमजोर कर देना चाहता है, कि वे सेना में भर्ती होने के काबिल ही न रहें। फिर तो युद्ध हारा ही समझो! हुक्मरान सतर्क रहें। चीन 'अफीमचियों–नशेडियों का देश' के रूप में जाना जाता था, तस्करों, अपराधी नेताओं और बेलगाम भ्रष्ट नौकरशाही को फांसी दे दी गई। आज चीन हर लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभर रहा है। हम अमित शाह जी द्वारा दिसम्बर 2029 तक पंजाब को 'चिट्टा मुक्त' करने के संकल्प की सराहना करते हैं, परंतु इसे केवल पंजाब तक ही सीमित न रखा जाए, बल्कि समूचे देश को नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए, अन्यथा नशा गुजरात या कई अन्य राज्यों अथवा बंगलादेश–नेपाल जैसे देशों के जरिए पंजाब में पहुंचता रहेगा। इंटरनैशनल मैडीकल हैल्पलाइन और एंटी–ड्रग सोसायटी का ऑप्रेशंस डायरैक्टर होने के नाते मैं प्रध ानमंत्री जी से अपील करता हूं कि चीन के पदचिन्हों पर चलते हुए नए नशा विरोधी कानून बनाकर नशे के सौदागरों, चाहे वे राजनीतिक नेता हों, पुलिस अधिकारी या अफसरशाही, को दंडित किया जाए और नशे के जखीरे को नष्ट कर दिया जाए। ऐसा करने से बेरोजगारी पर रोक लगेगी, बहुपक्षीय विकास को बढ़ावा मिलेगा और भारत को नशा मुक्त घोषित किया जा सकेगा। इसी में देश, सेना और युवाओं की भलाई होगी और जंतर–मंतर पर होने वाला शोर–शराबा भी कम होगा।

छात्र आंदोलनों की कसौटी उनका अंतिम परिणाम ही होता है

मनीष तिवारी

जून 2026 से छात्रों और उनके संगठनों द्वारा देश भर में किए गए हालिया विरोध प्रदर्शनों ने सरकारों के कड़े रुख के साथ मिलकर, एक बार फिर छात्र आंदोलनों और उनके परिणामों पर ध्यान केंद्रित किया है। इसलिए छात्र संगठनों और आंदोलनों के एक संक्षिप्त इतिहास पर नजर डालना समीचीन होगा। 1960 से 1990 के दशकों में दुनिया भर में छात्र आंदोलन देखे गए। भारत में भी छात्रों द्वारा कई आंदोलन चलाए गए, जिनमें से कुछ ध ार्मनिरपेक्ष थे और कुछ सांप्रदायिक या भाषाई। 1968 के पैरिस छात्र विद्रोह ने यूरोप के युवाओं की कल्पना को झकझोर कर रख दिया। इसने 'यथास्थिति' में बदलाव के लिए युवाओं की तड़प का प्रतिनिधित्व किया। इसने वामपंथी राजनीति, युद्ध–विरोधी भावना, नागरिक अधिकारों पर जोर और एक ऐसी जवाबी संस्कृ ति को मुख्यधारा में ला खड़ा किया, जिसने 1970 के दशक के हिप्पी आंदोलन में अपनी अभिव्यक्ति पाई। पैरिस में यह उभार प्राग स्प्रिंग, चौकोस्लोवाकिया में स्वतंत्रता की एक संक्षिप्त खिड़की, के साथ मेल खाता था। यह कम्युनिस्ट कुशासन के खिलाफ 1956 में हंगरी में हुई क्रांति के 12 साल बाद आया था। इन दोनों विरोध प्रदर्शनों को तत्कालीन सोवियत संघ द्वारा अपनी–अपनी राजधानियों में सोवियत टैंक उतारकर बेरहमी से कुचल दिया गया था। मैक्सिको, ब्राजील, अर्जेंटीना से लेकर चिली तक पूरे लैटिन और दक्षिण अमरीकी महाद्वीप में 1960 और 70 के दशक में छात्रों ने विश्वविद्यालय स्वायत्तता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, पुलिस दमन और सैन्य तानाशाही जैसे मुद्दों पर अपनी–अपनी सरकारों के खिलाफ रैलियां कीं और रोष प्रकट किया। एशियाई परिसर भी अमरीकी साम्राज्यवाद के खिलाफ सुलग रहे थे। स्वतंत्रता के बाद के भारत ने चार बड़े छात्र आंदोलन देखे, जिनके चार बेहद अनोखे परिणाम सामने आए।



1965 में तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलन को सी.एन. अन्नादुराई, मुथुवेल करुणानिधि (कलैग्नार) और तमिल बौद्धिक और सांस्कृतिक समुदाय के अन्य प्रमुख व्यक्तियों का समर्थन प्राप्त था। इसके परिणामस्वरूप तत्कालीन कांग्रेस सरकार बेदखल हुई और एक 'द्रविड़ द्वैध शासन' की स्थापना हुई, जिसे 6 दशक बाद 2026 के विधानसभा चुनावों में अभिनेता सी. जोसेफ विजय की जीत ने ही तोड़ा। इसके विपरीत, उत्तर भारत में 'अंग्रेजी हटाओ आंदोलन' नामक अंग्रेजी–विरोधी आंदोलन ने, जिसे डा. राम मनोहर लोहिया और अटल बिहारी वाजपेयी जैसों का समर्थन प्राप्त था, समाजवादियों और दक्षिणपंथियों को एक साथ ला खड़ा किया। इसने 1967 के राज्य विधानसभा चुनावों में पहली संयुक्त विधायक दल सरकारों के गठन का मार्ग प्रशस्त किया। 1974 में गुजरात के नवनिर्माण आंदोलन ने चिमनभाई पटेल सरकार को बाहर का रास्ता दिखा दिया। यह जल्द ही जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व वाले संपूर्ण क्रांति आंदोलन में तबदील हो गया। इसके बाद 1975 में आपातकाल और फिर 1977 में जनता पार्टी की सरकार की स्थापना हुई। 1980 के दशक में ऑल–असम स्टूडैंट्स यूनियन (ए.ए.एस.यू.) द्वारा बंगलादेश से आए प्रवासियों के खिलाफ एक शक्तिशाली आंदोलन चलाया गया, जिसने ऑल असम गण संग्राम परिषद (ए.जी.एस.यू.) का गठन किया। 15 अगस्त, 1985 के असम समझौते के बाद इसने असम गण परिषद (ए.जी.पी.) की सरकार को अस्तित्व में ला दिया। 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशों के खिलाफ आंदोलन के दौरान 63 से अधिक छात्रों ने आत्मदाह कर लिया और पुलिस फायरिंग में 50 से अधिक मारे गए। इसके कारण विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार सत्ता से बाहर हो गई। भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण, उदारीकरण और वाशिंगटन सहमति के साथ इसके संरेखण ने युवाओं के लिए कई नए रास्ते खोल दिए। अब पारंपरिक पेशे और राष्ट्रीय राजनीति के प्रवेश द्वार के रूप में छात्र राजनीति ही बौद्धिक रूप से चुनौतीपूर्ण, भौतिक रूप से संतोषजनक या सार्वजनिक मंचों पर दृश्यता प्रदान करने वाले करियर का एकमात्र साधन नहीं रह गई थी। 1992 में केबल और सैटेलाइट टैलीविजन के आगमन के साथ निजी उद्यमों के लिए प्रसारण क्षेत्र के खुलने ने उन युवाओं को एक मंच प्रदान किया, जो सार्वजनिक क्षेत्र में अपनी आवाज और पहचान दोनों की चाह रखते थे। 1991 के बाद के भारत द्वारा पेश किए गए नए अवसरों के मद्देनजर करियर को लेकर सजगता मुख्य प्रेरक शक्ति बन गई। छात्र अब छात्र राजनीति को समय की बर्बादी मानने लगे हैं और शायद सही भी।

रेलवे कर्मचारियों के स्वास्थ्य की हुई जांच, 160 ने लिया जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा

विशेष अभियान 6.0 के तहत रेलवे कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे विशेष अभियान 6.0 के तहत सेंट्रल हॉस्पिटल एवं मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रयागराज में ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और जांच शिविर आयोजित किए गए। चिकित्सा निदेशक डॉ. राकेश निगम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल, नियमित जांच, संतुलित पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में कर्मचारियों को जानकारी दी। कार्यक्रम में कुल 160 कर्मचारियों ने भाग लिया, जबकि डीआरएम कार्यालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 87 कर्मचारियों की जांच की गई। कर्मचारियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

मेजा क्षेत्र सोनार का तारा मां शीतल मंदिर में 20 अक्टूबर को होगा भव्य भंडारा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मेजा, प्रयागराज। मेजा क्षेत्र के सोनार का तारा स्थित शक्तिपीठ मां शीतला मंदिर में दशहरा पर्व के बाद हर वर्ष की परंपरा के



अनुसार इस वर्ष भी भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोरों पर। मंदिर के पंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि भंडारे से पहले कीर्तन और हवन का आयोजन होगा। धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालु मां शीतला के दर्शन–पूजन के साथ प्रसाद ग्रहण करेंगे। मां शीतला मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। दशहरा के बाद होने वाले इस आयोजन में हर वर्ष भक्तिभाव के साथ लोग शामिल होते हैं। मंदिर परिसर में कीर्तन, हवन और भंडारे के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बनेगा।

आचार्य महामण्डलेश्वर कौशल्यानंद गिरि ने 51 कन्याओं का किया पूजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सनातनी किन्नर अखाडा की आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महराज ने शरदीय नवरात्रि सोमवार को अपने इन्द्रपुरी, बैरहना स्थित आवास पर 51 कन्याओं का विधि विधान से पांव पखारकर भोजन कराया। कन्याओं को श्रृंगार, उपयोगी वस्तुएं और दक्षिणा देकर विदा किया। स्वामी कौशल्यानंद गिरि महराज ने शरदीय नवरात्रि पर कहा कि सनातन धर्म आदि अनादि काल से चल रहा है इसमें देवियों का पूजन कर सभी लोग मनोकामना के पूर्ति के लिए आशीर्वाद लेते है। देवताओं ने असुरों के सफाये के लिए मां दुर्गा की स्तुति कर प्रसन्न किया और असुरों का समूल नाश कराया। उन्होंने बताया कि आज आवास पर 51 कन्याओं का पूजन अर्चन कर खाना खिलाया और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। स्वामी कौशल्यानंद गिरि महराज ने सनातन धर्म को और समृद्धि, संरक्षित करते हुए हमें, आपको मजबूत करना होगा।

प्रदेश – केन्द्र में भाजपा की सरकार, विकास को मिलेगी गति : अशोक राठौर

इलाहाबाद–झांसी खंड स्नातक एमएलसी चुनाव के भाजपा प्रत्याशी ने प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर में मतदाताओं से मिलें

शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास, रोजगार पर सरकार का है जोर : अशोक राठौर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाददृझाँसी खंड स्नातक एमएलसी निर्वाचन के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने आज प्रयागराज, कौशाम्बी और फतेहपुर जिले के मतदाताओं से संपर्क कर विकास, शिक्षा, रोजगार और बेहतर स्वास्थ्य के लिए मतदाताओं से अपने पक्ष में



मतदान की अपील किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केन्द्र में भाजपा की सरकार है इससे विकास को गति मिलेगी और चतुर्दिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि सडकों का जाल पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर शहर से लेकर गांव – गांव तक तेजी से फैल रहा है इससे जहां विकास को गति मिल रही है वही व्यापार और रोजगार को बढावा मिल रहा है। इससे लोगों की आत्मनिर्भरता बढ रही है और लोगों की आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। इलाहाबाददृझांसी खंड स्नातक एमएलसी निर्वाचन के भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि मतदान से पहले प्रत्याशी, उसकी पार्टी और उसके कार्यो के बारे में जानकारी जरूर लें जिससे कि मतदान के दौरान लोग गुमराह ना हो बल्कि भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें। उधर, जनपद फतेहपुर स्थित रामेडियन होटल में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा पदाधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति तय करते हुए जरुरी दिशा निर्देश दिया।

अपर मंडल रेल प्रबंधक ने विंध्याचल स्टेशन का किया निरीक्षण

शारदीय नवरात्रि मेला-2026 के दौरान यात्री एवं श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

शारदीय नवरात्रि मेला–2026 के दौरान माँ विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए विंध्याचल आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर यात्री सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा उनकी सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल द्वारा व्यापक व्यवस्थाएँ की गई हैं। इन व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी के क्रम में दिनांक 18 अक्टूबर 2026 को अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य), प्रयागराज, श्री दीपक कुमार ने विंध्याचल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स), श्री कृष्ण कुमार राय भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान श्री दीपक कुमार ने स्टेशन परिसर में उपलब्ध यात्री सुविधाओं,



श्रद्धालुओं के आवागमन, टिकट वितरण व्यवस्था, पेयजल, साफ–सफाई, यात्री सहायता तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मेले के दौरान यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसर में सुव्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करने तथा यात्रियों को आवश्यक जानकारी एवं सहायता समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। साथ ही, स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और यात्रियों की सुविधा के लिए तैनात रेलकर्मियों को सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध करा रही सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की टीम से मुलाकात की। उन्होंने टीम के सदस्यों से बातचीत कर मेले के दौरान किए जा रहे सेवा कार्यों एवं चिकित्सा सहायता की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में टीम के योगदान की सराहना की।

प्रयागराज मंडल द्वारा नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टिकट व्यवस्था, यात्री सहायता, स्वच्छता, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा तथा सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे प्रशासन का प्रयास है कि माँ विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रद्धालु सुविधाजनक, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में अपनी रेल यात्रा पूरी कर सकें।

दबाव में नहीं विकास के लिए करें मतदान : शिवशंकर पटेल

इलाहाबाद - झांसी स्नातक एमएलसी चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी ने प्रयागराज में स्नातक मतदाताओं से मिले, मांगा वोट

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद – झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर पटेल ने आज प्रयागराज के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं, कई स्कूल और कॉलेजों में जाकर प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों से आज संपर्क किया और विकास के लिए अपने पक्ष में वोट देने के लिए मतदाताओं से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसी के दबाव में नही बल्कि विकास, रोजगार, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए मतदान करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस समय प्रदेश और देश में पूंजीपतियों को बढावा और पूरी तरह से संरक्षण देने वाली भाजपा सरकार है जो आम लोगों, गरीबों के हित के लिए कार्य नही कर रही है



बल्कि पूंजीपतियों को बढावा दें रही है।

एमएलसी प्रत्याशी शिव शंकर पटेल ने मतदाताओं को बताया कि वह जीजीआईसी में प्रवक्ता पद से सेवानिवृत शिक्षक है जो बुंदेलखंड विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष और सामाजिक व्यक्ति हैं। झांसी के मूल निवासी हैं। एमएलसी निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर पटेल ने आज राजापुर, अशोक नगर, सिविल लाइंस, ह्यूमनगंज,सोहबतियाबाग, अल्लापुर, जार्ज टाउन, टैगोर टाउन, मेडिकल चौराहा और कोरांव क्षेत्र में रहने वाले स्नातक मतदाताओं से मिलकर अपनी बात रखते हुए अपने पक्ष में मतदान की बात कही।

एमएलसी निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर पटेल ने गंगापार और यमुनापार के दर्जनभर इंटर कॉलेजों एवं डिग्री कॉलेजों में शिक्षक, प्रधानाचार्य और प्रबंधकों से संपर्क किया।

स्नातक एमएलसी चुनाव प्रचार में सपा ने झोंकी ताकत

भर्तियों में पारदर्शिता, पेपर लीक का समाधान, शिक्षामित्रों के नियमितीकरण, पुरानी पेंशन जैसे मुद्दों पर मांग रहे समर्थन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद –झाँसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सपा उमीदवार डॉ मानसिंह यादव को विजय श्री दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है।

जनपद की सभी तहसीलों में प्रत्याशी डॉ मानसिंह यादव ने भ्रमण करते हुए अधिवक्ताओं से मुलाकात में समाजवादी पार्टी की सरकार में अधिवक्ताओं के हितों को लेकर किये गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर एडवोकेट रोल की स्थापना की जाएगी। युवाओं को रोजगार, पेपर लीक जैसी महामारी पर स्थाई रोक, पुरानी पेंशन, अग्निवीर भर्ती, आउट सोर्सिंग जैसी भर्ती की जगह सरकारी पदों पर नियमित भर्तियों को किये जाने के दावे करते हुए जन समर्थन की अपील की है।

यमुनापार के सिरसा में आयोजित स्नातक मतदाताओं की सभा में सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने कहा कि समाजवादी विचारधारा पर चलकर ही देश में आपसी सौहार्द, तरक्की और खुशहाली आ सकती है। वर्तमान में देश की बागडोर तानाशाही और फासिस्ट वादी ताकतों के हाथ में जिसके चलते लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने एमएलसी प्रत्याशी डॉ मानसिंह यादव को जिताने की अपील करते हुए कहा कि डॉ मानसिंह सदन में हमेशा बेरोजगारों, शिक्षकों, शिक्षा मित्रों के हक की आवाज बुलंदी से उठाते रहते हैं। इनका सदन में रहना बहुत जरुरी है।

शहर के करेली में पूर्व विधायक हाजी परवेज के आवास पर हुई बैठक में मौजूद स्नातक मतदाताओं, पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह चुनाव आने वाले आगामी 2027 का आगाज होगा।लेजर ग्रीन गेस्टहॉउस बिजलीघर में भूपेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित



बैठक में प्रबुद्ध समाज के लोंगो के लोंगो के बीच सपा प्रत्याशी डॉ मानसिंह यादव ने समर्थन की अपील किया।

सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार हंडिया में विधायक हाकिम लाल बिन्द, प्रताप पुर में विधायक श्रीमती विजमा यादव, सोराव में विधायक श्रीमती गीता शास्त्री, मेजा में विधायक संदीप पटेल के नेतृत्व में चुनावप्रचार जोरों पर है। वहीं जहाँ पर सपा के विधायक नहीं हैं वहां पूर्व प्रत्याशियों, वरिष्ठ नेताओं सहित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सपा की गंगापार अध्यक्ष अनिल यादव , यमुनापार महासचिव इंजी जगदीश यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं , पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा टीम बनाकर मतदाता पर्चीयों को घर घर तक पहुँचाने की पूरी कोशिश की जा रही है।

दान बहादुर मधुर प्रवक्ता सपा

बाघंबरी मठ में हर्षोल्लास से मनाई गई महानवमी, महंत बलबीर गिरि ने किया कन्या पूजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। शारदीय नवरात्र की महानवमी के अवसर पर सोमवार को अल्लापुर स्थित श्री मठ बाघंबरी गद्दी में धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुए। इस अवसर पर मां बागेश्वरी देवी का विशेष अभिषेक, शृंगार और आरती की गई। मठ के महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने विधि–विधान से पूजन–अर्चन कर कन्याओं के चरण पखारे और उनका आशीर्वाद लिया।महानवमी के अवसर पर सुबह महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने मां बागेश्वरी देवी का अभिषेक किया। इसके बाद देवी का भव्य शृंगार कर आरती की गई। परंपरा के अनुसार, महंत जी ने देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन किया और अपने हाथों से उनके चरण पखारे।कन्या पूजन के बाद कन्याओं को विधिवत भोजन कराया गया। इसके उपरांत उन्हें दक्षिणा और उपहार देकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। मठ में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने मां बागेश्वरी की पूजा–अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख–समृद्धि की कामना की।महंत बलबीर गिरि जी महाराज ने कहा कि नवरात्र की महानवमी पर मठ में विशेष पूजा–अर्चना की गई। उन्होंने मां बागेश्वरी से सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

घूरपुर में मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

घूरपुर, प्रयागराज। सोमवार को घूरपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज–6.0 अभियान के अंतर्गत घूरपुर बाजार में एक विशेष महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण तथा उन्हें सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना था।



कार्यक्रम का नेतृत्व थाना घूरपुर मिशन शक्ति टीम प्रभारी छाया यादव और साइबर प्रभारी आकांक्षा गुप्ता ने अपनी टीम के साथ किया। इस दौरान बाजार में मौजूद महिलाओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। कई महिलाओं ने अपनी व्यक्तिगत और पारिवारिक समस्याओं को पुलिस टीम के सामने रखा, जिस पर टीम ने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

पुलिस टीम ने महिलाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, घरेलू हिंसा या अन्य उत्पीड़न की स्थिति में वे महिला हेल्पलाइन 1090, वूमेन पावर लाइन 181, आपातकालीन सेवा 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क कर सकती हैं। साइबर अपराध से बचाव के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके साथ ही महिलाओं को साइबर अपराधों से बचने के उपाय, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने के तरीके बताए गए।

कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारे में भी जागरूक किया गया। अंत में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि पुलिस हर समय उनकी सहायता के लिए तत्पर है और किसी भी समस्या पर निःसंकोच पुलिस से संपर्क करें। कार्यक्रम से महिलाओं में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हुई।

जसरा में गूंजा ब्रह्मदेव का जयकारा, दो दिवसीय दिव्य दरबार में उमड़ा जनसैलाब

ब्रह्म दरबार में संतान प्राप्ति के बाद भक्तों ने चढ़ाया निशान, शोभा यात्रा से गूंजा जसरा

जसरा के ब्रह्म दरबार में अर्जी से चमत्कार, कानपुर दंपति ने पुत्र प्राप्ति के बाद चढ़ाया निशान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

जसरा (प्रयागराज)। ह्य ब्रह्म दरबार साधना केंद्र जसरा में शारदीय नवरात्र में सप्तमी और अष्टमी पर दो दिवसीय दिव्य दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें देश के कोने–कोने से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराया।



जसरा लाइन पार में 17 एवं 18 अक्टूबर को संत जय महाराज द्वारा दिव्य दरबार लगाया गया। जिसमें कई प्रांतों से लोग अपनी–अपनी समस्याओं को लेकर दरबार में शामिल हुए। 17 अक्टूबर को धानापुर से आए बुल्लू द्विवेदी ने बताया कि कुछ महीने पहले साइकिल से गिरने से उन्हें गंभीर चोट आई थी। डॉक्टरों ने बताया था कि ऑपरेशन के बाद वह कोमा में जा सकते हैं या जान भी जा सकती है। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और ब्रह्मदेव का नाम जपते रहे, ऑपरेशन सफल रहा और आज वह दरबार में प्रभु का आशीर्वाद लेने आए हैं।

18 अक्टूबर अष्टमी को सैकड़ों लोगों ने पुत्र प्राप्ति के लिए महाराज जी से फल लेकर मां की कृपा प्राप्त की। पुत्र प्राप्ति होने पर लोग धूमधाम से दरबार में निशान चढ़ाते हैं। कानपुर से आए रोहित साहू और ज्योति साहू ने बताया कि उन्हें ब्रह्म दरबार से पुत्र प्राप्ति हुई, जिसके बाद उन्होंने ब्रह्मदेव को निशान चढ़ाया।

दिव्य दरबार से पूर्व भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रास्ते में लोगों ने श्रद्धा भाव से शोभा यात्रा में शामिल संतों को पुष्प हार अर्पित कर स्वागत किया। आधी दर्जन से अधिक मंदिरों में पूजन–अर्चन के बाद पुनः ब्रह्म दरबार साधना केंद्र पर यात्रा का समापन हुआ। सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों के साथ व्यापारियों ने भी शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। बैंड बाजा, डीजे तथा जय घोष के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इस अवसर पर आचार्य कृष्णानंद महाराज, नेत्र नारायण मिश्रा, ज्ञानेन्द्र पंडित, रविन्द्र सिंह, राजू केशरवानी, अभय मिश्रा, दीपू पंडित, विनीत दुबे, अनन्त तिवारी, आलोक पाठक, अनुराग मालवीय, रवि यादव, धारण पाण्डेय, विप्पू शर्मा, आर्यन, शिवम्, ऋतिक पाण्डेय, संतोष सिंह, साधू त्रिपाठी,शिबू केशरवानी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

मारपीट को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने निमंत्रण से घर लौट रहे पीड़ित के साथ मारपीट को लेकर चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बनवार का पुरवा निवासी मनीष वर्मा पुत्र इन्द्रराज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह अक्टूबर की रात नौ बजे वह देउम बूढ़े बाबा मंदिर के पास से निमंत्रण से बाइक द्वारा वापस लौट रहा था। देउम पेट्रोल पम्प के समीप सांगीपुर की तरफ से दो बाइक से आ रहे चार अज्ञात आरोपियो ने उसे जबरिया रोक लिया। आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

काव्य संगम में आज जुटेंगे नामचीन साहित्यकार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। नगर के अझारा वार्ड में आज मंगलवार की शाम आठवें काव्य संगम में नामचीन कवियों एवं शायरों का जमावड़ा होगा। मां विंध्याचल देवी धाम परिसर में होने वाले संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी ने बताया कि कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में डॉ. केशरी शुक्ल, अंजनी अंमोघ, रवीन्द्र अजनबी, जय अवस्थी, संदीप शरारती, डॉ. दीपक रूहानी आदि कवियों एवं शायरों की मौजूदगी होगी।

अवांछित गतिविधियों का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सांगीपुर बाजार में एक लॉज में अवांछित गतिविधियों के संचालन को लेकर लोगों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आक्रोश जताया है। बाजार के पूर्व प्रधान शंकरलाल तथा रिषभ सरोज, अशोक रजक, हिमांशु शर्मा, मानसी, सपना, एजाज अहमद, शिवम, सौरभ आदि ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि एक शिक्षण संस्थान के समीप अवैध गतिविधियों के संचालन से छात्र छात्राओं को परेशानी हो रही है। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि शिकायत की जांच कर सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

महानवमी पर जगह जगह गूंजे देवी आराधना के सुर, भण्डारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र को लेकर महानवमी को मन्दिरों व घरों में श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर देवी की आराधना किया। वहीं लालगंज के पूरे हरिकिशुन वार्ड के राजेन्द्र नगर में भण्डारे का आयोजन हुआ। नव दुर्गा पूजा पाण्डाल कमेटी की ओर से हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने देर शाम तक पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का संयोजन पूर्व प्रधान बृजेश द्विवेदी एवं अधिवक्ता संजय द्विवेदी ने किया। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, राकेश तिवारी गुड्डू, शैलेन्द्र मिश्र, अक्षत तिवारी, कल्लू तिवारी, विकास पाण्डेय, मनीष मिश्र, अवनीश शुक्ला, विकास मिश्र, अनिल महेश, राजेश तिवारी, महेन्द्र जायसवाल आदि को सेवा संगत में देखा गया। वहीं नगर के नेताजीपुरम वार्ड में महानवमी को लेकर नन्हें–मुन्हों ने भक्ति गीत संगीत प्रतियोगिता में आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संयोजन राज मोदनवाल, जय कुमार, विशाल सोनी, अनूप मोदनवाल, कौशलेन्द्र सिंह, मुन्ना तिवारी, आदेश मिश्र, योगेन्द्र नारायण तिवारी, बीएन सिंह, शिव मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। सभासद पन्नेलाल पाल विशिष्ट अतिथि रहे। वहीं आज दशहरे पर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी जोरों पर दिखी। एसडीएम व सीओ समेत पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने विसर्जन को लेकर निर्धारित स्थलों का भ्रमण किया।

आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज मंगलवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में साढ़े ग्यारह बजे रामपुर बावली में लोगों से मुलाकात करेंगे। साढ़े बारह बजे वह बाबा घुइसरनाथ धाम में आयोजित धार्मिक आयोजनों में शामिल होंगे। अपरान्ह डेढ़ बजे लखहरा में जनसंवाद कार्यक्रम में भी सांसद प्रमोद तिवारी शामिल होंगे। इसके बाद वह अठेहा तथा सेमरा व अमावां में जनसंपर्क करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस अलर्ट

धाता क्षेत्र में करीब 97 प्रतिमाओं के विसर्जन का अनुमान, यमुना नदी में विसर्जन पर रोक

धाता/फतेहपुर। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर धाता थाना पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। रविवार को दामपुर स्थित यमुना



नदी के रेतीले क्षेत्र में जेसीबी से गड्ढा खुदवाया गया। थाना क्षेत्र में करीब 97 प्रतिमाओं के विसर्जन का अनुमान है। थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी ने स्पष्ट किया कि यमुना नदी में प्रतिमा विसर्जन की अनुमति नहीं है। उन्होंने श्रद्धालुओं से निर्धारित स्थलों पर ही विसर्जन करने की अपील की। विसर्जन जुलूसों के दौरान प्रमुख मार्गों पर पुलिस तैनात रहेगी और संबंधित मार्गों पर बड़े वाहनों का आवागमन रोका जाएगा। पुलिस ने सभी पूजा समितियों से शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन संपन्न कराने में सहयोग की अपील की है।

चार साल बाद अपने परिवार से मिलीं 70 वर्षीय शिवपतिया, वृद्धाश्रम प्रबंधक आलोक राय ने परिजनों से मिलवाकर घर भेजा



कौशाम्बी। अपनों से बिछड़ने का दर्द क्या होता है, यह वही समझ सकता है जिसने लंबे समय तक अपने परिवार से दूर रहकर जिंदगी गुजारी हो। कौशांबी में मानवता और संवेदनशीलता की एक भावुक मिसाल सामने आई, जब 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला शिवपतिया को चार साल बाद उनके परिजनों से मिलवाकर घर भेजा गया।

चार साल तक परिवार से दूर रहने वाली शिवपतिया के लिए अपनों से दोबारा मिलना किसी सपने के सच होने जैसा था। उम्र के इस पड़ाव पर जब इंसान को सबसे ज्यादा अपनों के सहारे, प्यार और देखभाल की जरूरत होती है, तब परिवार से दूर रहना बेहद पीड़ादायक होता है।वृद्धाश्रम प्रबंधक आलोक राय ने 70 वर्षीय शिवपतिया को उनके परिजनों से मिलवाने की पहल की। प्रयास सफल हुआ और चार साल बाद शिवपतिया को अपने परिवार के साथ घर लौटने का अवसर मिला। यह मिलन केवल एक बुजुर्ग महिला की घर वापसी नहीं, बल्कि रिश्तों की अहमियत और इंसानियत की जीत का भावुक क्षण था। शिवपतिया की घर वापसी ने यह संदेश दिया कि सच्ची समाजसेवा केवल जरूरतमंदों की मदद करने तक सीमित नहीं है, बल्कि बिछड़े अपनों को मिलाना भी मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। इस स उम्र में हर बुजुर्ग को अपने परिवार का प्यार, सम्मान और सहारा मिलना चाहिए। जिन हाथों ने कभी अपने बच्चों को संभाला, जिन कंधों ने परिवार की जिम्मेदारियां उठाईं, उन हाथों को बुढ़ापे में अकेला नहीं छोड़ना चाहिए।वृद्धाश्रम प्रबंधक आलोक राय की इस पहल ने एक बार फिर साबित किया कि सेवा का असली अर्थ किसी के चेहरे पर मुस्कान लौटाना और अपनों से बिछड़े इंसान को उसके परिवार तक पहुंचाना है।

बुजुर्गों को दया नहीं, सम्मान चाहिए। उन्हें अकेलापन नहीं, अपनों का साथ चाहिए।"

1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथों पर बनेगा नया मतदेय स्थल

राजनीतिक दल 23 अक्टूबर तक दे सकेंगे सुझाव और आपत्तियां



फतेहपुर। जिले में मतदेय स्थलों के सम्भाजन (रैशनलाइजेशन) की प्रक्रिया के तहत जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सोमवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें बूथों के समायोजन और 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथों पर नए मतदेय स्थल के सृजन को लेकर जानकारी दी गई। बैठक में भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी दलों से सम्भाजन से संबंधित सुझाव और आपत्तियां लिखित रूप में 23 अक्टूबर तक जिला निर्वाचन कार्यालय अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए। मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर को कर दिया गया है। सूची जनसामान्य के निरीक्षण के लिए जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है।

भैरवां खुर्द में नवदुर्गा जागरण कमेटी का भव्य भंडारा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

मां भगवती की भक्ति में डूबा गांव, धार्मिक आयोजन में उमड़े ग्रामीण



प्रेमनगर/फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम भैरवां खुर्द में नवदुर्गा जागरण कमेटी की ओर से मां दुर्गा के प्रति आस्था और श्रद्धा के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए और मां भगवती का प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है।

भंडारे में ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर सहभागिता की। मां दुर्गा की भक्ति और जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर परिवार की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजन के दौरान पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। कमेटी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों का सहयोग भी देखने को मिल रहा है। नवदुर्गा जागरण कमेटी के इस आयोजन को ग्रामीणों की धार्मिक आस्था, आपसी एकता और भाईचारे से जोड़कर देखा जा रहा है। सामूहिक रूप से आयोजित भंडारे में ग्रामीणों की भागीदारी से सामाजिक सौहार्द का संदेश भी मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के उपलक्ष्य में आज भी धार्मिक आयोजन किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। ग्रामीणों ने मां भगवती से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

पाण्डु नदी में दिखा आठ फीट लंबा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

वन विभाग की रेस्क्यू टीम खाली हाथ लौटी, नदी किनारे जाने से डर रहे लोग



फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव के पास सोमवार सुबह पाण्डु नदी में करीब आठ फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना पर डायल 112 और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन मगरमच्छ गहरे पानी में चला गया। काफी तलाश के बाद भी उसे पकड़ा नहीं जा सका। अभयपुर ग्राम पंचायत के दरियापुर गांव के ग्रामीणों ने नदी किनारे मगरमच्छ देखा था। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। वन क्षेत्राधिकारी रविंद्र बिष्ट और वनरक्षक महेंद्र प्रताप ने टीम के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ग्राम प्रधान रामदास ने लोगों से सतर्क रहने और बच्चों व मवेशियों को नदी किनारे अकेले न ले जाने की अपील की। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मगरमच्छ की निगरानी की जा रही है और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

दो वर्षीय बेटे की हत्या और पत्नी की आत्महत्या के मामले में पति गिरफ्तार

सास के पैरों में तेल लगाने से इनकार पर हुआ था विवाद, पुलिस ने खनवारी नहर पुल से आरोपी को दबोचा

प्रातः काल एक्सप्रेस

'संग्रामगढ़थाना क्षेत्र के नया पुरवा लालू पट्टी गांव में दो वर्षीय मासूम बेटे की हत्या और पत्नी की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति सुरेश पटेल (32) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पारिवारिक विवाद के दौरान आरोपी ने अपने मासूम बेटे ईशू की हत्या कर दी थी। घटना से आहत पत्नी नीता पटेल (30) ने भी आत्महत्या कर ली थी।

मामले में मृतका के भाई लवकुश पटेल निवासी अन्तामऊ, थाना मानिकपुर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान गवाहों के बयान, घटनास्थल निरीक्षण और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने घटना का खुलासा किया।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी सुरेश पटेल ने पत्नी से अपनी मां के पैरों में तेल लगाने को कहा था। पत्नी के इनकार करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान आरोपी ने आवेश में आकर अपने दो वर्षीय पुत्र ईशू की जान ले ली। बेटे की मौत से आहत पत्नी नीता पटेल ने भी आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 18 अक्टूबर को आरोपी सुरेश पटेल को खनवारी नहर पुल से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 200ध्2026 में धारा 103(1) के साथ धारा 108 बीएनएस की बढ़ोतरी की है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विवेक कुमार यादव, कांस्टेबल नर सिंह चौहान, अनिरुद्ध यादव, महिला कांस्टेबल पूजा यादव एवं चालक अमित सिंह शामिल रहे।

संग्रामगढ़ थाने का औचक निरीक्षण

मिशन शक्ति फेज–6.0 के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज ने एसपी प्रतापगढ़ के साथ किया निरीक्षण, मिशन शक्ति टीम को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़, । पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र अजय कुमार मिश्र ने पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के साथ संग्रामगढ़ थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मिशन शक्ति फेज–6.0 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने थाना कार्यालय के रखरखाव, सीसीटीएनएस कार्यप्रणाली, अपराध रजिस्टर तथा महिला हेल्प डेस्क का जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव और पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मिशन शक्ति फेज–6.0 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने मिशन शक्ति टीम को अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने तथा महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

औचक निरीक्षण के दौरान थाने की व्यवस्थाओं और पुलिस की कार्यप्रणाली का जायजा लेते हुए अधिकारियों ने निर्देशों के अनुरूप कार्य करने तथा जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता बरतने पर जोर दिया।

हनुमान मंदिर कमेटी ने डीएम और एसपी को किया सम्मानित

फतेहपुर। नवरात्रि के अवसर पर शहर के चौक स्थित हनुमान मंदिर कमेटी की ओर से परंपरानुसार जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक को सम्मानित किया गया। कमेटी के पदाधिकारियों ने



अधिकारियों का स्वागत कर सम्मान प्रदान किया। इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कालिका मोदनवाल, महामंत्री पप्पन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष राजू पुरवार, शिवाकांत चौरसिया, सतीश गुप्ता और कार्तिक गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। कमेटी के पदाधिकारियों ने नवरात्रि के दौरान धार्मिक आयोजनों में प्रशासन के सहयोग और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।

नवमी पर देवी पंडालों में हवन, कन्या भोज और भंडारे का आयोजन

फतेहपुर। शारदीय नवरात्र की नवमी पर शहर के विभिन्न देवी पंडालों और मंदिरों में हवन, कन्या पूजन, भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में श्रद्धालुओं



की भीड़ जुटी रही। भक्तों ने मां दुर्गा की पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की। पटेल नगर चौराहे स्थित देवी पंडाल में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया और दक्षिणा देकर विदा किया गया। वहीं, देवीगंज स्थित नवयुवा कमेटी के पंडाल में कन्या भोज के बाद भंडारा आयोजित हुआ। इसमें रोहित, अभिषेक, छोटू, शुभम, रजत, लवकुश, सोनू और वीरेंद्र सहित मोहल्ले के लोगों ने सहयोग किया। इसी क्रम में सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर में अंकित कुमार ने मन्नत पूरी होने पर भंडारे का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नवमी पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों से शहर का माहौल भक्तिमय बना रहा।

आम आदमी पार्टी ने स्नातक एमएलसी के लिए सपा प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा को दिया समर्थन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (सुनील कुमार गुप्ता)। आम आदमी पार्टी ने स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन देने का ऐलान किया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सुनील कुमार पांडे एडवोकेट ने बताया कि प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष पवन तिवारी एडवोकेट की सहमति से यह निर्णय लिया गया है। पार्टी स्नातक एमएलसी प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा और शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी लाल बिहारी यादव का समर्थन करेगी। उन्होंने बताया कि आगामी 23 अक्टूबर 2026 को होने वाले मतदान में प्रथम वरीयता का वोट समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में डालने की अपील की गई है। मिर्जापुर जनपद में पार्टी ने लगभग 750 स्नातक और 150 शिक्षक मतदाता बनाए हैं। वहीं आठों जनपदों में मिलाकर लगभग 2000 स्नातक मतदाता तैयार किए गए हैं। जिला महासचिव संतोष कुमार पांडे ने बताया कि मतदान के दिन और उससे पूर्व मतदाताओं से संपर्क के लिए पार्टी ने 15 पदाधिकारियों को विभिन्न बूथों का प्रभारी बनाया है।



स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा नगर पूर्वी कार्यालय पर क्लस्टर बैठक संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (सुनील कुमार गुप्ता) ।स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियों के क्रम में सोमवार, 19 अक्टूबर 2026 को भारतीय जनता पार्टी के नगर पूर्वी मंडल कार्यालय पर क्लस्टर बैठक संपन्न हुई ।बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी नियुक्त मतदाता प्रमुखों को 20–20 मतदाताओं से संपर्क करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे संबंधित मतदाताओं से संपर्क कर उनका नाम, पता एवं मोबाइल नंबर नोट करें और यह जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि वरिष्ठ पदाधिकारी फोन के माध्यम से मतदाताओं से संपर्क कर उनसे मतदान की अपील कर सकें। इस अवसर पर महामंत्री राजेश कुमार,अवनीश,अमित चंदेल,राजेश सोनकर,सुनील मोदनवाल,निशांत द्विवेदी,प्रशांत सिंह,नीरज गुप्ता,आशीष दुबे,मनोज सिंह, राजेंद्र गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बरियाघाट श्री रामलीला कमेटी ने निकाली भव्य हनुमान दल की शोभायात्रा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । बरियाघाट श्री रामलीला कमेटी द्वारा सोमवार को भव्य हनुमान दल की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में दर्जनों से अधिक बच्चे छोटे–बड़े हनुमान, नल–नील, अंगद, जामवंत और हनुमान दल की सेना के रूप में शामिल हुए। हनुमान दल की सुरक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात रही। डीजे की धुन पर चक चौराहे पर गदाधारी हनुमान दल ने खूब गदा भांजी और संगीत पर जमकर थिरके। हनुमान दल की शोभायात्रा की अध्यक्षता कमेटी की महिला अध्यक्ष रितु केसरवानी ने की। कमेटी के महामंत्री संतोष ऊमर ने हनुमान दल का नेतृत्व किया। शोभायात्रा संकटमोचन, खजांची का चौराहा, गिरधर का चौराहा, डंकीनगंज, चीनिहवा का इनारा, पेठी का चौराहा, पक्की सराय, घंटाघर, वासलीगंज होते हुए पुनः बरियाघाट स्थित पंचमुखी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में रवींद्र कुमार गुप्ता, आकाश दुबे, सत्येंद्र कुमार पांडे, विपिन पुजारी, भावना बरनवाल, बिना बरनवाल, समर चंद शर्मा, गीता केसरवानी, स्वाति केसरवानी, शोभा रानी, अनीता केसर, अर्चना गुप्ता समेत नगर के काफी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



फ्रैक्चर के बाद घर लौटे पूर्व पालिकाध्यक्ष दीपचंद्र जैन से मिले कांग्रेसी, जाना हाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन दीपचंद्र जैन की फिसल कर गिर जाने से जांघ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई थी। उनका इलाज गुरुग्राम के मैक्स हॉस्पिटल में हुआ। लंबे समय तक इलाज कराने के बाद सकुशल घर वापसी होने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष का हाल–चाल लेने के लिए उनके निवास पर अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण दुबे कंचनीय, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मिन्हाज अहमद श्छोटे खानश, सोशल मीडिया कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अंकुर श्रीवास्तव श्आजादश, दिलीप मौर्य, संतोष यादव, डिंपू यादव, राजेंद्र विश्वकर्मा सहित कई लोग आवास पर पहुंचे और मंगलकामनाओं सहित शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उल्लेखनीय है कि जैन के इलाज के बाद वापस आने पर उनके शुभचिंतक नित्य उनके आवास पर कुशलक्षेम जानने पहुंच रहे हैं।

मंगलसूत्र छिनैती का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । कोतवाली देहात पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को खड़ंजा फाल मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में मंगलसूत्र छिनैती के शातिर आरोपी को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की पहचान धौरूपुर निवासी शिवम चौहान (23) पुत्र स्व. कृष्ण मुरारी के रूप में हुई है। मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल मीरजापुर में भर्ती कराया है, जहां उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं छिनैती में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम को यह बड़ी सफलता मिली।



दिनांक 19.10.2026 को थाना कोतवाली देहात पुलिस खड़ंजा फाल के रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। तभी एक काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार युवक को रोकने का प्रयास किया गया तो वह बिना रुके तेज गति से खड़ंजा फाल की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने उसकी घेराबंदी की तो अभियुक्त ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ सीमित जवाबी फायरिंग की गई जिसमें अभियुक्त घायल होकर गिर पड़ा।

जामा तलाशी में उसके पास से 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस .315 बोर तथा पैंट की जेब से पीली धातु की मंगलसूत्र बरामद हुई। घटना में प्रयुक्त काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के मौके से गिरी हुई हालत में मिली।

अभियुक्त से पूछताछ में उसने बताया कि दिनांक 16.10.2026 को शाम करीब 7–8 बजे त्ज्ऑफिस से पहले पहाड़ी गांव के पास एक महिला जो लालगंज की तरफ स्कूटी से जा रही थी, उसके गले से मंगलसूत्र और चेन अपने एक सहयोगी साथी के साथ मिलकर छीनी थी। चेन उसने अपने सहयोगी को दे दी थी और मंगलसूत्र लेकर आज जा रहा था तभी पकड़ा गया।

वित्तविहीन शिक्षकों की बैठक को लेकर हंगामा, सपा प्रत्याशी लाल बिहारी यादव पहुंचे डीआईओएस कार्यालय

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । जिला विद्यालय निरीक्षक मिर्जापुर राजकुमार दीक्षित द्वारा वित्तविहीन शिक्षकों को चुनाव में कुछ कमियों के संबंध में बैठक आयोजित करने हेतु फोन के जरिए अवगत कराया गया था। सूचना पर वित्तविहीन शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय महुवरिया पहुंचे थे।

वित्तविहीन शिक्षकों को बुलाने की सूचना मिलने पर मिर्जापुर क्षेत्र में प्रचार में भ्रमणशील समाजवादी पार्टी वाराणसी खंड के शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी लाल बिहारी यादव सहित कार्यवाहक जिला अध्यक्ष सपा मिर्जापुर अशोक यादव, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री गुलाबचंद यादव उर्फ मुन्नी यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष यादव, बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश भारती, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पटेल, जिला महासचिव आदर्श यादव, मझवां विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव, पूर्व महासचिव अभय यादव सहित भारी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचे और डीआईओएस का घेराव किया। विधान परिषद प्रत्याशी लाल बिहारी यादव ने जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार दीक्षित से पूछा किसके निर्देश पर आप यह बैठक बुलाए हैं। उन्होने कहा कि कुछ त्रुटियां हैं, उसको समझाने के लिए बुलाया गया है।



समाजवादी पार्टी के शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी लाल बिहारी यादव ने आरोप लगाया कि शिक्षकों पर दबाव बनाकर भाजपा प्रत्याशी प्रमोद मिश्रा को वोट दिलवाने के प्रयास हेतु बैठक बुलाई गई थी।

श्री लाल बिहारी यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष के दबाव में प्रबंधको व प्रधानाचार्यो के उपर दबाव डाला जा रहा है। ऐसा होने नही दिया जायेगा जो लोकतंत्र के खिलाफ है। पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान श्री लाल बिहारी यादव ने कहा कि भाजपा घबड़ा गई है। शिक्षक समाजवादी पार्टी के साथ है।

राबर्ट्सगंज में अपना दल (एस) के जनसंपर्क कार्यालय व निःशुल्क विधि परामर्श केंद्र का शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र (401) के कोन मार्केट में आयसर एजेंसी के बगल में अपना दल (एस) के जनसंपर्क कार्यालय एवं निरूशुल्क विधि परामर्श केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक चौबे, अधिवक्ता हाईकोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि मंच अपना दल (एस) ने कहा कि केंद्र का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सुनना और विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को निरूशुल्क कानूनी सलाह उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करईल ग्राम प्रधान शोभनाथ गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क कार्यालय जनता और संगठन के बीच सेतु का काम करेगा तथा लोगों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। यह पहल जनसेवा, सामाजिक न्याय और जरूरतमंदों को उचित विधिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आलोक पांडेय कार्यवाहक प्रदेश सचिव युवा मंच अपना दल एस, जिला उपाध्यक्षगण विनोद यादव, प्रवीण त्रिपाठी, जिला महासचिव सुरेंद्र राजपूत, जिला सचिव पुष्पराज सिंह पटेल, जिला मीडिया सचिव नीरज सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष युवा मंच अंशु तिवारी, जिलाध्यक्ष सहकारिता मंच, अखिलेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष युवा मंच निलेश सिंह राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष युवा मंच शैलेश सिंह राजपूत, विधानसभा अध्यक्ष राबर्ट्सगंज राकेश पटेल, विधानसभा अध्यक्ष युवा मंच लवकुश पटेल, जोन अध्यक्ष दक्षीणी जोन कोन रामकृष्ण गुप्ता, जोन उपाध्यक्ष दक्षिणी जोन कोन सुनेश गुप्ता, रंजो देवी, पूनम देवी सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

भदोही पुलिस ने महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी, मिशन शक्ति अभियान के तहत सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में बताया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। सरकार के निर्देश पर और पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद में शमिशन शक्ति अभियान फेज 6.0श चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने अपने–अपने इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया।

यह अभियान बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर चलाया गया। पुलिस टीमों ने महिलाओं और लड़कियों से सीधी बात की। उन्हें छेड़छाड़, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से सतर्क रहने के तरीके बताए। पुलिसकर्मियों ने लड़कियों से कहा कि वे बिना किसी डर या झिझक के अपनी बात बता सकती हैं। इस दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चल रही सरकारी योजनाओं, पॉक्सो एक्ट और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।

आपात स्थिति में मदद के लिए 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) जैसे प्रमुख नंबरों के इस्तेमाल का तरीका बताया गया। जागरूकता पंपलेट भी बांटे गए। भदोही पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए लगातार काम कर रही है।

वकील पर हमले के विरोध में गिरफ्तारी और सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

बस्ती,संवाददाता। अधिवक्ता अनिल चौधरी पर हुए हमले के विरोध में सोमवार को वकीलों ने न्याय मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। दोपहर 12 बजे संयुक्त बार के बैनर तले वकीलों ने यह प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी वकीलों ने मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की भी मांग दोहराई। जनपद बार के मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए यह कानून जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने कदम नहीं उठाए तो सभी वकील विधानसभा का घेराव करेंगे। प्रदर्शन में रजनीश दुबे, रमाशंकर पांडेय, राजेश

भदोही पुलिस ने 102 गुम मोबाइल फोन बरामद किए

दशहरा–दीपावली पर मालिकों को सौंपेय अब तक 914 फोन मिले, कीमत 1.55 करोड़

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। दशहरा और दीपावली के मौके पर भदोही पुलिस ने 102 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिए। इन फोन की अनुमानित कीमत करीब 17 लाख 34 हजार रुपये है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर गुम मोबाइल फोन ढूंढने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जनवरी 2026 से अब तक कुल 914 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी कीमत करीब 1 करोड़ 55 लाख 20 हजार रुपये है। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने ब्म्प्ट पोर्टल का प्रभावी इस्तेमाल कर शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स, ज्ञानपुर में शुभम अग्रवाल ने ही बरामद फोन उनके मालिकों को सौंपे। अपना खोया फोन वापस पाकर लोगों ने खुशी जताई और पुलिस टीम का आभार माना। भदोही पुलिस आमजन की सुरक्षा और संपत्ति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

वेदों की परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने वाले पं. चन्द्रशेखर द्राविड़ घनपाठी का हुआ अभिनंदन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। काशी की प्राचीन वैदिक परंपरा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार–प्रसार में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वैदिक शिरोमणि पंडित चन्द्रशेखर द्राविड़ घनपाठी को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। अमर शहीद संतोष कुमार कपूरिया युवा सांस्कृतिक समिति, गढ़वासी टोला, चौक की ओर से आयोजित समारोह में उनका अभिनंदन किया गया। पंडित चन्द्रशेखर द्राविड़ घनपाठी, पद्मभूषण पंडितराज राजेश्वर शास्त्री द्राविड़ के पौत्र हैं। उन्होंने बाल्यकाल से ही कृष्ण यजुर्वेद में घनपाठ की शिक्षा प्राप्त कर वैदिक विद्वता के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने अनेक विद्यार्थियों को निःशुल्क वेद शिक्षा प्रदान कर प्राचीन ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। काशी विश्वनाथ मंदिर में शिव–पार्वती विवाहोत्सव, अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव तथा विभिन्न स्थानों पर आयोजित कृष्ण यजुर्वेद घन पारायण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्हें 'घन रत्न', 'वेद पंडित पुरस्कार', 'श्रुति तिलकम' और 'वेद रत्न' जैसी प्रतिष्ठित उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है। समिति ने उनके सरल स्वभाव, विद्वता और लोककल्याण के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। सम्मानित होने पर पंडित चन्द्रशेखर द्राविड़ घनपाठी ने समिति के अध्यक्ष विनय कपूरिया सहित सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में अनेक वैदिक विद्वान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

थाने में दिलायी हिस्ट्रीशीटरों को अपराध न करने की शपथ

बस्ती,संवाददाता। छावनी थाना क्षेत्र में अपराध रोकने और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाया गया। इस दौरान उन्हें अपराध से दूर रहने और भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल न होने की शपथ दिलाई गई। छावनी प्रभारी निरीक्षक राणा डीपी सिंह ने सोमवार को हिस्ट्रीशीटरों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कानून का पालन करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने साफ किया कि किसी भी आपराधिक काम में शामिल होना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस का मकसद अपराधियों पर नजर रखना और इलाके में शांति–सुरक्षा बनाए रखना है।

नहाते समय युवक के डूबने की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

बस्ती,संवाददाता। के हर्रैया थाना क्षेत्र में मनोरमा नदी में एक युवक के डूबने की आशंका है। सोमवार दोपहर मनोरमा घाट पर उसकी मोटरसाइकिल, चप्पल और कपड़े लावारिस हालत में मिले। सूचना मिलते ही हर्रैया पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के मुताबिक, युवक सोमवार दोपहर नदी में नहाने आया था। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया और घाट पर सिर्फ उसका सामान मिला, तो लोगों को उसके डूबने का शक हुआ। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच कर रही है, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इससे बचाव कार्य और युवक की तलाश शुरू होने में देरी हुई। घाट पर ग्रामीणों की भीड़ जमा है। पुलिस युवक की पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

ग्रामीणों ने दशहरा से पहले विसर्जन घाट साफ किया

बस्ती,संवाददाता। अशोकपुर ग्राम पंचायत में दशहरा पर्व से पहले विसर्जन घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। ग्रामीणों ने मिलकर विसर्जन स्थल की साफ–सफाई की, ताकि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। इस अभियान में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शैलेंद्र प्रताप सिंह चौहान के साथ राम नारायण मांझी, दुर्गा प्रसाद चौहान, विजय बहादुर चौहान, संदीप चौहान, रमजू निषाद, जगन्नाथ निषाद, अरुण चौहान, सत्येंद्र प्रताप चौहान, शिवकुमार मांझी और ओमप्रकाश चौहान जैसे कई ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों के इस काम से दशहरा पर्व पर साफ–सफाई बनी रहेगी और विसर्जन भी ठीक से हो पाएगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं अधिकारी- केशव

युवाओं को स्वरोजगार, महिलाओं की आत्मनिर्भरता और जरूरतमंदों को आवास–पेंशन व उपचार पर जोर

लखनऊ,संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य करें। जनता दर्शन में प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के आधार पर योजनाओं से लोगों को जोड़ें, ताकि जरूरतमंदों को सरकारी सहायता के लिए भटकना न पड़े। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाए। वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन से संबंधित पात्र मामलों का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाए। पेयजल, बिजली और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई करें। गंभीर बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंदों के उपचार के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता के पात्र मामलों को भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत शीघ्र आगे बढ़ाया जाए।उन्होंने युवाओं के आर्थिक सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से पात्र युवाओं को उद्यम स्थापित करने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए बैंकों और संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाया जाए। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पीएमएफएमई के तहत पात्र आवेदकों को स्वरोजगार एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने के लिए नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति2023 के अंतर्गत लागू प्रावधानों की जानकारी भी संबंधित उद्यमियों तक पहुंचाई जाए।

विद्यार्थियों की समस्याओं पर कहा कि छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समय से दिलाया जाए। महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जोड़कर आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। इससे महिलाएं



स्वरोजगार की गतिविधियों से जुड़कर परिवार की आय बढ़ाने में योगदान दे सकेंगी। सरकारी योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे।

शिवा शर्मा हत्याकांड में संजय सर के पहचान की मांग,पूर्व आईपीएस ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा

लखनऊ,संवाददाता। शिवा शर्मा की संदिग्ध मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में अब आजाद अधिकार सेना ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मामले से जुड़ी आरोपित श्रद्धा दुबे के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से कथित संपर्कों और विवेचना में संभावित हस्तक्षेप की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। कहा है कि श्रद्धा को संरक्षण दिया जा रहा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि इस मामले को लेकर विभिन्न समाचार–पत्रों में प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस तंत्र से संपर्कों को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। इसके अलावा, एक वायरल ऑडियो में बार–बार संजय सर का नाम सामने आने से कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जिन्हें लेकर सोशल मीडिया और मेनस्ट्रीम मीडिया में भी चर्चाएं जारी हैं। लिखे गए पत्र में कहा गया कि आरोपी श्रद्धा दुबे की ओर से मीडिया को इंटरव्यू देना, उसका कथित तौर पर फरार होना और पुलिस की कार्रवाई से जुड़े विभिन्न घटनाक्रमों से यह आशंका गहरी होती है कि किसी प्रभावशाली व्यक्ति या समूह की ओर से उसे अनुचित संरक्षण दिया जा रहा है या विवेचना को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए आजाद अधिकार सेना ने मांग की है कि संजय सर सहित उन सभी व्यक्तियों की पहचान कराई जाए जिनके नाम इस प्रकरण से जोड़े जा रहे हैं। साथ ही, घटना से पहले और बाद के नामित अभियुक्त के साथ निकटता और संभावित हस्तक्षेप की निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

लोकबंधु अस्पताल का डीजी मेडिकल हेल्थ ने किया औचक निरीक्षण

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के लोकबंधु राजनारायण संयुक्त अस्पताल में सोमवार को डीजी मेडिकल हेल्थ डॉ. पवन कुमार अरुण ने औचक निरीक्षण किया। ओपीडी से लेकर गायनी लेबर रूम तक पहुंचकर उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की लंबी कतार देख उन्होंने काउंटर की संख्या तत्काल बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं, खराब व्हीलचेयर मिलने पर नाराजगी जताई और जिम्मेदारों को फटकार लगाई। लेबर रूम के स्टाफ को भी मरीजों को बिना लापरवाही के अटेंड करने के निर्देश दिए। महानिदेशक ने सभी वार्डों में बेडशीट साफ रखने और व्हीलचेयर व स्ट्रेचर को तय जगह पर व्यवस्थित रखने को कहा। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता और उनके रखरखाव की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एंटी–डी इंजेक्शन की उपलब्धता और मंत्रा ऐप पर उसकी जानकारी नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा ट्रायेज व्यवस्था, गर्भवती महिलाओं की एएनसी स्क्रीनिंग और इलाज में इस्तेमाल होने वाले एफसीएम इंजेक्शन की उपलब्धता भी देखी गई। महानिदेशक ने अस्पताल परिसर और वार्डों की साफ–सफाई पर संतोष जताया। उन्होंने व्यवस्थाओं को तय मानकों के अनुसार बनाए रखने और मरीजों को सुरक्षित, बेहतर और समय पर इलाज उपलब्ध कराने पर जोर दिया। लोकबंधु के बाद महानिदेशक ने राजाजीपुरम के आरएलबी अस्पताल का भी औचक निरीक्षण किया। यहां भी दवाओं और ओपीडी की व्यवस्था देखी, साथ ही मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को अलर्ट मोड पर वर्किंग करने को कहा।

अखिलेश यादव का ऐलान, 26 नवंबर को संविधान दिवस पर जारी होगा सपा का घोषणापत्र

लखनऊ,संवाददाता। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र 26 नवंबर को जारी करेगी, जिस दिन संविधान दिवस भी है। उत्तर प्रदेश की



403 विधानसभा सीट के लिए चुनाव अगले वर्ष की शुरुआत में होने हैं। चुनाव कार्यक्रम की अभी घोषणा नहीं की गई है। यादव ने एक्स पर पोस्ट किया, सत्ताईस का संकल्परू पीडीए का प्रणपत्र। उन्होंने कहा, संविधान दिवस 26 नवंबर, 2026 के लोकतांत्रिक और पावन अवसर पर हम जारी करेंगे श्जन–मन का मैनीफेस्टो (घोषणापत्र)। पीडीए यादव द्वारा गढ़ा गया संक्षिप्त नाम है, जिसमें पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक शामिल हैं। यह समाजवादी पार्टी की राजनीतिक पहुंच की रणनीति का एक प्रमुख आधार है। यादव ने पहले कहा था कि पार्टी उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में से प्रत्येक पर केंद्रित अलग–अलग घोषणापत्र भी तैयार करेगी। उत्तर प्रदेश में 2017 से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में है।

68500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने केशव प्रसाद मौर्य का आवास घेरा

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में सोमवार को 68500 सहायक शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया। नियुक्ति की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान वहां पहुंची पुलिस ने हिरासत में लेना शुरू कर दिया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का–मुक्की हुई। इस दौरान मैनपुरी से आए मनोज नाम के प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ गई। मनोज को साथियों ने एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बाद हालत ज्यादा खराब होने पर केजीएमयू में ले जाकर भर्ती कराया। प्रदर्शनकारियों ने ऐसी क्या मजबूरी है–आरक्षण की चोरी है और पिछड़ा आयोग ने माना है–आरक्षण घोटाला है जैसे नारे लगाए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाने का प्रयास



किया। पुलिस ने सभी अभ्यर्थियों को टांगकर वहां से ले गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के ऊपर कपड़े फाड़ने अभद्रता के आरोप लगाए। प्रदर्शन करने आए तूफान सिंह ने बताया कि 10 सितंबर को हम सभी लोगों की मुलाकात बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के साथ हुई। इस दौरान बेसिक और माध्यमिक विभाग के तमाम आलाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में दोनों मंत्रियों के साथ अधिकारियों ने भी इस बात को स्वीकार किया कि घोटाला हुआ है। जब राज्य पिछड़ा आयोग ने मान लिया राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग ने मान लिया और अब सरकार में बैठे अधिकारी मंत्री भी स्वीकार कर रहे हैं कि घोटाला हुआ है तो रोजगार क्यों नहीं मिलता। प्रदर्शन कर रहे आशुतोष वर्मा ने कहा कि हम पिछले 8 साल से नौकरी के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 68,500 सहायक शिक्षक भर्ती में बड़े स्तर पर आरक्षण घोटाला हुआ है। राज्य और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी आरक्षण में गड़बड़ी की बात मानते हुए नियमों का पालन करने का आदेश दिया है। आशुतोष ने कहा कि हमारी मांग है कि आयोग के आदेशों का पालन किया जाए। वर्ष 2018 में भर्ती निकली थी, तभी हमने फॉर्म भरा था। इसके बाद से आज तक नौकरी की उम्मीद में 8 साल से सिर्फ चप्पल घिस रहे हैं। आज नवमी के दिन जहां लोग पूजा–पाठ में व्यस्त हैं, वहीं हमें यहां से उठाकर इको गार्डन में बैठा दिया जाएगा। आज का पवित्र दिन वहीं गुजर जाएगा। त्योहार के समय प्रदर्शन करना बहुत दुख की बात है, मगर मजबूरी में करना पड़ रहा है।

अयोध्या का वैभव सात समन्दर पार, रूसी बोले

दोनों देशों को जोड़ रही श्री राम की लीला

'रूस के राम' गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव की 100वीं जयंती पर मश्वस्को में समारोह

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में हुए विकास कार्यों की चर्चा रूस की राजधानी मॉस्को में भी हो रही है। मॉस्को में रूसी राम के नाम से प्रसिद्ध सोवियत रंगमंच के अभिनेता गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव की 100वीं जयंती पर समारोह में रूसी कलाकारों और बुद्धिजीवियों ने अयोध्या के विकास और रामलीला के आयोजन की सराहना की। कलाकारों ने कहा कि जिस तरह दिवाली पर अयोध्या जगमगाती है, उसी तरह वे मॉस्को में भी भगवान राम की लीला के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करना चाहते हैं। समारोह में भारतीय और रूसी कलाकारों की रामलीला को लेकर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने भगवान राम के आदर्शों, रामराज्य की अवधारणा और भारत–रूस के सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने में पेचनिकोव के योगदान को याद किया।मॉस्को में समारोह में बाल रंगमंच की निदेशक अल्ला लियोनिदोव्ना ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में हुए विकास कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलीला और अन्य विकास कार्यों के माध्यम से अयोध्या को बेहतर बनाया है। रूस में भी भगवान राम की लीला के जरिए राम राज्य की अवधारणा को समझने का मौका मिल रहा है। रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों को लोगों तक पहुंचाने का माध्यम भी है।श्रूसी रामश गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव की पुत्री तात्याना पेचनिकोव ने अपने पिता के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अभिनय के माध्यम से भारत और रूस की मित्रता को नया रूप दिया। भगवान राम की भूमिका निभाकर उन्होंने रूसी समाज को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराया। तात्याना ने उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद अयोध्या का वैभव और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि उनके पिता के अभिनय ने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।मॉस्को के एर्शोव थिएटर संस्थान के वीसी बिताली एवगेनिविच दाशिंस्की ने कहा कि गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव ने रूस के लोगों को भगवान राम और रामराज्य की अवधारणा से परिचित कराया। उन्होंने अपने अभिनय के माध्यम से भगवान राम के आदर्शों को रूसी समाज तक पहुंचाया। उनका योगदान केवल रंगमंच तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने भारत और रूस के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव को भी मजबूत किया। आज उनकी 100वीं जयंती पर दोनों देशों के कलाकार और भारतीय समुदाय के लोग उन्हें याद कर रहे हैं। एर्शोव थिएटर संस्थान, मॉस्को की रेक्टर अलेक्जेंड्रा कोनेवा ने कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें जीवन जीने का सलीका मिलता है। मास्को में आयोजित होने वाली रामलीला के निर्माता एवं निर्देशक डॉ. रामेश्वर सिंह ने बताया कि गेनादी मिखाइलोविच पेचनिकोव सोवियत रंगमंच के प्रतिष्ठित अभिनेता थे। उन्होंने भगवान राम की भूमिका निभाकर रूस में भारतीय संस्कृति और रामायण की परंपरा को लोकप्रिय बनाने में योगदान दिया। इसी कारण उन्हें रूसी राम के नाम से जाना जाता है। उनकी जन्मशताब्दी पर मॉस्को में आयोजित समारोह में उनके अभिनय और भारत–रूस के सांस्कृतिक संबंधों में योगदान को याद किया गया। समारोह में रूसी कलाकारों और प्रवासी भारतीयों की भागीदारी ने दोनों देशों के सांस्कृतिक जुड़ाव को सामने रखा।

एमएलसी चुनावः सपा बनाम बीजेपी नहीं ईवीएम और बैलेट पेपर की जान

मुख्यमंत्री खुद संभाली कमान,भाजपा ने 11 सीटों पर झोंकी ताकत

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधान परिषद का चुनाव सूबे के राजनीतिक दलों के लिए दूसरी अग्नि परीक्षा है। पहली अग्नि परीक्षा राज्यसभा चुनाव था, जिसे समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने आसानी से पास कर लिया। विधायकों का आंकड़ा उतना था, जितना हर एक उम्मीदवार को जरूरत थी लेकिन विधान परिषद यानि एमएलसी चुनाव में वोटिंग होगी, जिसमें लोग वोट डालेंगे। एमएलसी चुनाव के लिए वोटिंग बैलेट पेपर से होती है। विपक्ष के लिए यह बड़ी परीक्षा होगी क्योंकि ईवीएम को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है। बैलेट पेपर से वोटिंग विपक्ष की साख की बात है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि यह एमएलसी चुनाव ईवीएम से नहीं बल्कि बैलेट पेपर से हो रहे हैं। जो लोग ईवीएम पर सवाल उठाते थे।अब बैलेट पेपर से होने वाले इस चुनाव में भी जनता के फैसले से स्पष्ट हो जाएगा कि जनादेश किसके साथ है। सीएम योगी ने मतदाताओं से न्याय के पक्ष में मतदान करने की अपील की । सूबे की 11 एमएलसी सीटों पर हो रहे इस चुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ी अग्नि परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है।राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक यूपी में 11 सीटों में से आगरा क्षेत्र स्नातक, मेरठ क्षेत्र स्नातक, आगरा क्षेत्र शिक्षक, मेरठ क्षेत्र शिक्षक, बरेली–मुरादाबाद क्षेत्र शिक्षक, लखनऊ क्षेत्र स्नातक, वाराणसी क्षेत्र स्नातक, इलाहाबाद–झांसी क्षेत्र स्नातक, लखनऊ क्षेत्र शिक्षक, वाराणसी क्षेत्र शिक्षक और गोरखपुर–फैजाबाद क्षेत्र शिक्षक शामिल हैं। 11 सीटं पर चुनाव होंगे। 23 अक्तूबर को वोट डाले जाएंगे। एमएलसी चुनाव को लेकर बीजेपी काफी गंभीर नजर आ रही है। शीर्ष नेतृत्व चुनावी प्रचार में जुटा हुआ है। सीएम योगी से लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तक पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। खुद सीएम योगी गोरखपुर से लेकर बरेली, वाराणसी, प्रयागराज और गाजियाबाद तक शिक्षक सम्मेलन कर चुके हैं।

संक्षिप्त

शारदीय नवरात्र की नवमी पर बुजुर्ग महिलाओं का देवियों के स्वरूप में पूजन

लखनऊ,संवाददाता। शारदीय नवरात्र की नवमी पर नरही नागरिक एवं व्यापारी कल्याण समिति ने बुजुर्ग और विधवा महिलाओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। नरही बाजार स्थित पाल पैराडाइज होटल में समिति के संयोजक सुभाष श्रीवास्तव की अगुवाई में 9 महिलाओं को देवी स्वरूप मानकर उनके चरण धोए गए। इसके बाद पूजन और आरती कर उन्हें पांच फल और शॉल भेंट की गई। सुभाष श्रीवास्तव ने कहा कि कन्या पूजन की परंपरा को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए उपेक्षित बुजुर्ग और विधवा महिलाओं को सम्मान देने की पहल की गई है। इसका उद्देश्य उनके जीवन में खुशियां लाना और समाज में उनके प्रति सम्मान बढ़ाना है। कार्यक्रम में विपिनकांत, मुबारक भाई, राजेश कुमार चंद्र, ऋषभ सिंह, विनय कुमार, विवेक द्विवेदी, अश्वनी कुमार, विशाल साहू, करन और अनिल यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री ने ने महाअष्टमी एवं महानवमी पर प्रदेशवासियों को दी बधाई व शुभकामनाएं

लखनऊ,संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ने शारदीय नवरात्रि में महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने माँ भगवती से प्रदेशवासियों के शांति,सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की है। श्री मौर्य ने कहा कि नवरात्रि में माँ दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परम्परा के सम्मान का प्रतीक है। आदिशक्ति प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर चराचर जगत पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। यह पर्व मातृशक्ति के प्रति भारत की भावना का प्रभावी प्रतिनिधित्व करता है।

ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार का बढ़िया माध्यम बना होमस्टे

लखनऊ,संवाददाता। होम स्टे ग्रामीण पर्यटन प्रदेश की महिलाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार का नया माध्यम बन रहा है। होमस्टे के जरिये महिलाएं पर्यटकों को ठहरने की सुविधा देने के साथ पारंपरिक भोजन, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की बिक्री से भी कमाई कर रही हैं। गांवों में पर्यटन का लाभ स्थानीय परिवारों तक पहुंच रहा है। प्रदेश में होमस्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी एक–तिहाई से अधिक हो गई है। पर्यटन विभाग का लक्ष्य 50 हजार नए होमस्टे कमरे जोड़ने का है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए आतिथ्य सेवा, खानपान और स्थानीय शिल्प से जुड़े रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है।

भपटामऊ रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। गिरने से उसका सिर फट गया लेकिन शरीर के दूसरे अंगों में कोई चोट नहीं आई। पुलिस शव की शिनाख्त करने में जुटी है। यात्री के पास अमेरिकन टूरिस्टर का काला बैग मिला है, जिसमें एक सेट कपड़ा और सिंचाई विभाग की फाइल है। यात्री ने सफेद शर्ट पहन रखी थी, जिसमें ग्रे रंग की छींटें पड़ी हैं। नीली जींस और भूरी अंडरवियर पहन रखी थी। यात्री की उम्र 35 साल के करीब है। उसने काले स्पोर्ट शूज पहन रखे थे, जिसमें सफेद पट्टियां पड़ी हैं। घटना पारा थाना क्षेत्र में बुद्धेश्वर स्थित भपटामऊ रेलवे क्रॉसिंग के पास रात में हुई। पुलिस के अनुसार, वहां पर ट्रेनें धीमी होती हैं, उसी समय यात्री ने उतरने की कोशिश की होगी। पुलिस ने अपील की है कि अगर किसी को शिनाख्त हो तो वह थाने के मोबाइल नंबर 9454403875 या 9235326064 पर फोन कर जानकारी दे सकते हैं। इससे पुलिस को व्यक्ति के शव को परिजनों तक भेजने में मदद मिलेगी।

गोमती नदी की जलधारा सामान्य होने पर सफाई अभियान चला

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी लखनऊ के गोमती नदी की बढ़ी जलधारा सामान्य हुई तो नदी किनारे जमा मिट्टी और गंदगी हटाने के लिए स्वच्छ पर्यावरण सेना ने सफाई अभियान चलाया।सुबह हनुमान सेतु के पास झूलेलाल पार्क स्थित गोमती तट और अटल घाट पर सफाई की गई। इसके साथ ही बाबा प्रभु दास आश्रम के हनुमान मंदिर और शिव मंदिर में जमा कुंतलों मिट्टी भी हटाई गई। स्वच्छ पर्यावरण सेना लखनऊ की ओर से यह 439वां था। सुबह 6 बजे शुरू हुए अभियान में स्वयंसेवकों ने करीब दो घंटे तक लगातार सफाई की। अटल घाट पर जलधारा के साथ आई मिट्टी से पटे हिस्से को साफ किया गया। इसके बाद आश्रम परिसर के दोनों मंदिरों में जमा मिट्टी को बाहर निकाला गया। स्वयंसेवकों ने घाट और मंदिर परिसर की सफाई के साथ लोगों को गोमती नदी में कूड़ा–कचरा नहीं डालने का संदेश दिया। अभियान के दौरान नदी और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपील भी की गई। अभियान का नेतृत्व संयोजक पार्षद रणजीत ने किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व सीओ धीरेंद्र राय, प्रीति जैन, विष्णु तिवारी, कृपा शंकर वर्मा, पवन कुमार, विवेक जोशी, हरिनाम सिंह, रिंकू सिंह, आयुष बंसल, संजय वर्मा, कमलेश चौधरी, मनोज सिंह, दिनेश दत्त पांडेय, परवेश यादव, ललित कश्यप और शिवराज समेत अन्य लोग शामिल रहे।

तीन अवैध पिस्टल के साथ एसटीएफ ने तस्कर को किया गिरफ्तार

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी लखनऊ में एसटीएफ ने रविवार रात विभूतिखंड स्थित वेव मॉल के पास से अवैध असलहा तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तीन अवैध पिस्टल, चार कारतूस, पिस्टल की मैगजीन बरामद हुई हैं। आरोपी की पहचान प्रतापगढ़ निवासी दुर्गेश पांडेय उर्फ विशु के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने मध्य प्रदेश के खंडवा से पिस्टल लाकर बेचने की बात कबूल की है। एसटीएफ पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही की टीम अवैध असलहों की तस्करी करने वाले गिरोहों के बारे में जानकारी जुटा रही थी। रविवार रात करीब 9 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि बिहार और मध्य प्रदेश से अवैध असलहे लाने वाले गिरोह के सदस्य लखनऊ में वेव मॉल के पास मौजूद हैं। सूचना पर इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने वेव पुलिस चौकी के पास पहुंचकर तलाश शुरू की।

कस्बा पचपेड़वा में डीएम एवं एसपी ने किया पैदल मार्च, आमजन को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। शारदीय नवरात्रि के उपरांत प्रतिमा विसर्जन एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सकुशल संपनन्‍ कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह द्वारा थाना लालिया एवं पचपेड़वा क्षेत्र में प्रतिमा विसर्जन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विसर्जन स्थलों पर सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं, जिससे श्रद्धालुओं एवं विसर्जन जुलूस में सम्मिलित होने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विसर्जन स्थलों पर मजबूत बैरिकेडिंग सुनिश्चित की जाए तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जाए। विसर्जन के दौरान भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं



पुलिस अधीक्षक श्री मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिमा विसर्जन स्थलों एवं विसर्जन मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन एवं कानून व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर प्रभावी निगरानी रखी जाए।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विसर्जन मार्गों एवं स्थलों पर विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सवीच्च प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

कस्बा पचपेड़वा में डीएम एवं एसपी ने किया पैदल मार्च, आमजन को दिलाया सुरक्षा का भरोसा।इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री मार्तण्ड प्रकाश सिंह द्वारा कस्बा पचपेड़वा में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल मार्च के माध्यम से आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा प्रतिमा विसर्जन एवं दशहरा पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की अपील की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सवीच्च प्राथमिकता है। सभी नागरिक धार्मिक आयोजनों एवं पर्वों को परंपरागत उत्साह, आपसी सद्भाव एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें।पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा शांति व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास की सूचना तत्काल पुलिस को दें।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिमा विसर्जन एवं दशहरा पर्व के दौरान संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता रखी जाए। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ही विसर्जन जुलूसों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाए।उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन एवं दशहरा पर्व को सकुशल संपनन्‍ कराए जाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर सतर्क रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखें।जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आपसी समन्वय से प्रतिमा विसर्जन एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपनन्‍ कराए जाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

16 साल की छात्रा की पहल, पडरौना में डिजिटल लाइब्रेरी की उम्मीद, डीएम ने दिया समर्थन

प्रातः काल एक्सप्रेस ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। उम्र 16 साल, सोच पूरे शहर के युवाओं के भविष्य की। कक्षा 11 की छात्रा रागिनी राज्यलक्ष्मी सिंह ने पडरौना में डिजिटल लाइब्रेरी की आवाज उठाकर प्रशासन के सामने युवाओं की बड़ी जरूरत रखी है।

सोमवार को तीन कॉलेजों के यूथ क्लबों के प्रतिनिधिमंडल के साथ रागिनी ने जिलाधिकारी संजय चौहान के कैंप कार्यालय में मुलाकात कर डिजिटल लाइब्रेरी का रोडमैप सौंपा। डीएम ने इस पहल का स्वागत करते हुए मांग स्वीकार कर ली।



प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में मांग रखी कि प्रस्तावित लाइब्रेरी में किताबों के साथ एआई और तकनीक की बुक्स, रेफरेंस बुक्स, वाई-फाई युक्त कंप्यूटर और प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क ऑनलाइन तैयारी की सुविधा एक ही छत के नीचे मिले। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए लाइब्रेरी परिसर में मोबाइल-टैबलेट उपलब्ध कराने और छात्राओं की सुरक्षा के लिए अलग आरक्षित समय तय करने की भी मांग रखी गई।बता दें कि रागिनी के नेतृत्व में यूथ क्लब हनुमान इंटर कॉलेज, उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज और स्यो बाई कमला देवी टिबड़ेवाल इंटर कॉलेज में पिछले कई महीनों से सक्रिय हैं।

डीएम संजय चौहान ने कहा कि ऐसे यूथ क्लब युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। प्रतिनिधिमंडल में श्रेया जायसवाल, मांडवी सिंह, सोनम केसरी, आराधना सिंह, अंशिका वर्मा, रतन कुशवाहा, अदिति पांडेय और राबिया तबस्सुम शामिल रहीं।

शुकतीर्थ के विकास को 21 करोड़ रुपये की सौगात,15 करोड़ की नई स्वीकृति

मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रयासों से धार्मिक स्थलों के विकास को मिलेगी गति

डा0 एम. ए. तोमर



मुजफ्फरनगर।जनपद के प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थल शुकतीर्थ के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने 21 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल के प्रयासों से शुकतीर्थ के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये की नई स्वीकृति प्रदान की गई है।इससे पूर्व शुकतीर्थ के लिए पांच करोड़ रुपये तथा कल्लरपुर कचौली स्थित मंदिर के विकास के लिए 1.25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके है।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि शुकतीर्थ जनपद की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र है,जहां लाखों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है।सरकार का उद्देश्य तीर्थस्थलों का विकास कर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और धार्मिक विरासत को संरक्षित करना है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्वीकृत धनराशि से प्रस्तावित कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के विकास तथा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।शुकतीर्थ का विकास क्षेत्र की आस्था, संस्कृति और स्थानीय विकास को नई गति प्रदान करेगा।

लखीमपुर खीरीः

डंखीरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

कोतवाली सदर क्षेत्र के ब्लाइंड मर्डर का 48 घंटे के भीतर सफल अनावरण, आला-कत्ल के साथ हत्यारोपी दामाद गिरफ्तार

डॉ0रईस अहमद उस्मानी
प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर-खीरी 19 अक्टूबर : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी, डॉ0 ख्याति गर्ग के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी (पूर्वी) एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में थाना कोतवाली सदर पुलिस व एण्ड/स्वाट टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर वृद्ध की हत्या (ँत्वह् श्लै) की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण किया गया है। घटना में संलिप्त दामाद (हत्यारोपी) को आला-कत्ल (लोहे की नुकीली बल्लम) एवं आला-जरब (खून से सनी शर्ट) के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

लगभग शाम 05:00 से 06:00 बजे के मध्य वादिनी श्रीमती अनीता देवी अपने पिता शिवसागर वर्मा (उम्र करीब 65 वर्ष) के साथ डीआरबी भट्ठा के पास स्थित खेत में चारा काटने गई थीं। वादिनी स्कूटी से चारा लेकर पहले घर आ गई थीं तथा उनके पिता साइकिल पर चारा लादकर मथना से शिवालापुरवा मार्ग होते हुए घर लौट रहे थे। रास्ते में सुनसान जगह पर अज्ञात हमलावर द्वारा धारदार व नुकीले हथियार से वार कर शिवसागर वर्मा की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 830/2026, धारा 103(1) ँए पंजीकृत किया गया था।

अभियुक्त संतोष की शादी वर्ष 2003 में वादिनी अनीता देवी से हुई थी। आपसी विवाद के चलते वर्ष 2007 से अनीता अपने पुत्र के साथ मायके में पिता शिवसागर वर्मा के पास रह रही थीं। पारिवारिक न्यायालय में चल रहे भरण-पोषण (गुजारा भत्ता) के मुकदमे में ससुर शिवसागर वर्मा द्वारा सख्त पैरवी की जा रही थी तथा जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त की 04 बीघा पैतृक जमीन की कुर्की का भय बना हुआ था। दिनांक 16.10.2026 को न्यायालय में पेशी के दौरान जुर्माना न जमा करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी, जिससे आक्रोशित होकर अभियुक्त ने दिनांक 17.10.2026 की शाम अकेले लौट रहे अपने ससुर की रास्ते में नुकीले बल्लम से गोद-गोदकर हत्या कर दी।

दिनांक 19.10.2026 को प्रातः 06:30 बजे मुखबिर की सटीक सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह व पुलिस टीम द्वारा शिवालापुरवा ँ भट्ठा मार्ग पर मृतक की चिता के पास से अभियुक्त संतोष को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशांदेही पर घटनास्थल से मात्र 15 कदम दूर झाड़ियों से आला-कत्ल व घटना के समय पहनी गई खून से सनी शर्ट बरामद की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तःङ संतोष पुत्र स्व0 लल्लन प्रसाद वर्मा (उम्र करीब 44 वर्ष), निवासी ग्राम मथना, थाना कोतवाली सदर, जनपद खीरी।1. 01 अदद आला-कत्ल (लोहे की नुकीली बल्लम/सरिया)

2. 01 अदद खून से सनी शर्ट (आला-जरब) ङअपराधिक इतिहासः1.मु0अ0सं0 830/2026, धारा 103(1) ँए, थाना कोतवाली सदर, खीरी।2. मु0अ0सं0 044/2026, धारा 109(1) ँए, थाना कोतवाली सदर, खीरी।ङगिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमःङ

ङथाना कोतवाली सदर टीमः.श्री राजेश कुमार सिंह (प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली सदर)2.उ0नि0 धर्मेन्द्र बहादुर सिंह3. का0 गौरव कुमार4. का0 राहुल कुमार5. हे0का0 चालक राशिद खान स्वाट / एण्ड टीमः1. उ0नि0 जयप्रकाश यादव (प्रभारी स्वाट टीम)2.उ0नि0 हिमांशू आनंद 3. का0 श्री ओम मिश्रा4. का0 अरूण कुमार5. का0 विकास कुमार

मुजफ्फरनगर की बेटी भावना स्वरूप की स्मृति में वेल्हम गर्ल्स स्कूल में ट्रॉफी स्थापित

हर वर्ष जूनियर स्कूल की सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर छात्रा को मिलेगा सम्मान,पहली बार दो छात्राओं को संयुक्त रूप से मिली ट्रॉफी

डा0 एम. ए. तोमर



मुजफ्फरनगर।प्राप्त समाचार के अनुसार देहरादून के प्रतिष्ठित वेल्हम गर्ल्स स्कूल ने अपने 69वें स्थापना दिवस पर मुजफ्फरनगर की बेटी एवं पूर्व छात्रा भावना स्वरूप की स्मृति में 'भावना स्वरूप ट्रॉफी' स्थापित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।यह ट्रॉफी प्रतिवर्ष जूनियर स्कूल की सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर छात्रा को प्रदान की जाएगी।इस वर्ष देवेशी अहलावत और धनश्री भोपाल को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।मुजफ्फरनगर के प्रमुख उद्योगपति आलोक स्वरूप की पुत्री भावना स्वरूप का करीब 25 वर्ष पूर्व असामयिक निधन हो गया था।उन्होंने वर्ष 1997 से 2000 तक वेल्हम गर्ल्स स्कूल में कक्षा पांच से सात तक शिक्षा प्राप्त की थी। कक्षा आठ में प्रवेश के समय उनका निधन हो गया था।उनकी स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने और छात्राओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से विद्यालय ने यह पहल की है।स्थापना दिवस समारोह में आयोजित विशेष सभा की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य विभा कपूर ने की,जबकि वेल्हम बॉयज स्कूल की प्रधानाचार्य संगीता कैन मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर भावना के पिता आलोक स्वरूप,माता माधवी स्वरूप,भाई प्रभाव स्वरूप, बहन श्रेया स्वरूप और उनकी मित्र खुशी जैन भी मौजूद रहीं।आलोक स्वरूप ने अपनी पुत्री की स्मृति में सम्मान स्थापित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।मुख्य अतिथि संगीता कैन ने छात्राओं को जीवन में अपना रास्ता स्वयं बनाने के लिए प्रेरित किया।प्रधानाचार्य विभा कपूर ने कहा कि यह ट्रॉफी आने वाले वर्षों में छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के साथ भावना स्वरूप की यादों को विद्यालय में जीवंत रखेगी। भावना स्वरूप की स्मृति में विद्यालय की इस पहल की मुजफ्फरनगर के औद्योगिक और सामाजिक क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

लखीमपुर खीरीः हाईवे पर बने स्कूल से आवागमन होता है बाधित

सरकारी पेड़ काटकर बनाया कार्यालय

डॉ0रईस अहमद उस्मानी
प्रातः काल एक्स प्रेस



लखीमपुर खीरी पलिया हाईवे पर नियमों को ताक पर रखकर दबंगई का खेल चल रहा है। ग्राम पंचायत बन्नी, अंदेशनगर के पहले स्थित हरिमाया इंटरनेशनल स्कूल के मालिकों पर गंभीर आरोप लगे हैं।

बताया जा रहा है कि स्कूल के सामने लगे 2 दशक से अधिक पुराने भरे-पूरे शीशम के सरकारी पेड़ों को वन विभाग तथा पीडब्ल्यूडी विभाग से सांठ-गांठ कर काट डाला गया और उस जगह पर अपने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का कार्यालय बना दिया गया। कर्मचारी उसी में बैठकर कार्य करता है।इतना ही नहीं, स्कूल के सामने पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध रूप से स्कूल बसों का स्टैंड बना दिया गया है। हाईवे पर बसें खड़ी होने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित होता है। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और कई लोग हादसे में घायल होकर इलाज करा चुके हैं।

विरोध करने पर समाजसेवी की पिटाई

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग 2 वर्ष पहले एक समाजसेवी ने इसका विरोध किया था, तो स्कूल मालिक ने अपने हाथों से उसकी जमकर पिटाई कर दी थी।ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल मालिक शरद गुप्ता की तानाशाही अधिकारियों की मेहरबानी से चल रही है। कर्मचारियों को ठीक से वेतन भी नहीं दिया जाता, मात्र तीन-चार हजार रुपए महीना देकर उनका शोषण किया जा रहा है।

हाईवे पर अतिक्रमण और सरकारी पेड़ों की अवैध कटान को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

लखीमपुर खीरीः खीरी में 192 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, सामूहिक विवाह समारोह में गूंजी शहनाई

डीएस कॉलेज में सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत संपन्न हुआ समारोह, नौ मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी हुआ

डॉ0रईस अहमद उस्मानी/ प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 19 अक्टूबर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिला मुख्यालय स्थित डीएस कॉलेज में सोमवार को 192 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरों और निकाह की रस्मों के साथ नवदंपतियों ने नई जिंदगी की शुरुआत की। सजे मंडप, शहनाई की गूंज और परिजनों की मौजूदगी ने समारोह को खुशियों से सराबोर कर दिया। समारोह में नौ मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा, सीडीओ योगानंद पाण्डेय और विकासखंड लखीमपुर की प्रशासक दिव्या सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने नवदंपतियों को सुखद एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बनी योजना : योगेश वर्मा

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा बनी है। योजना के माध्यम से बेटियों के विवाह की



जिम्मेदारी में सरकार सहभागी बन रही है, जिससे परिवारों को आर्थिक संबल मिल रहा है। उन्होंने नवदंपतियों को नए जीवन की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आपसी विश्वास, प्रेम और सहयोग के साथ अपने परिवार को आगे बढ़ाएं। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया।

सामाजिक समरसता और सम्मान का प्रतीक है सामूहिक विवाह : सीडीओ

सीडीओ योगानंद पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के कमजोर वर्गों को संबल देने के साथ सामाजिक समरसता और समानता की भावना को मजबूत करती है। सामूहिक विवाह समारोह विभिन्न समुदायों को एक मंच पर लाकर आपसी सद्भाव और सहयोग का संदेश देते हैं। उन्होंने नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जीवन की नई पारी की शुरुआत सकारात्मक सोच, आपसी समझ और पारिवारिक मूल्यों के साथ करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से कार्य करने का संदेश दिया।

लखीमपुर ब्लॉक के सर्वाधिक 109 जोड़े शामिल

समारोह में विकासखंड लखीमपुर के 109, नकहा के 66, नगर पालिका परिषद लखीमपुर के 14 और नगर पंचायत खीरी टाउन के तीन जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस प्रकार कुल 192 जोड़े वैवाहिक जीवन में बंधे। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण निदेशालय से कार्यक्रम हेतु नामित पर्यवेक्षक जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) हरदोई ने किया।कार्यक्रम की संयोजक जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग देना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को विवाह के अवसर पर सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

नवमी पर कालिका देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने चढ़ाए झंडा-घंटा


प्रातः काल एक्सप्रेस

बकेवर इटावा। शारदीय नवरात्र की नवमी पर लखना नगर स्थित मां कालिका देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मां के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर झंडा, घंटा और जवारे चढ़ाए तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।दिनभर मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रही। शनवरात्र के दौरान मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। इस दौरान झंडा-घंटा चढ़ाने के साथ बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए गए। नवविवाहित जोड़ों ने मां के दरबार में माथा टेककर सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद मांगा। कई श्रद्धालु दंडवत होकर मां के दरबार पहुंचे और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए अरदास लगाई।मान्यता के अनुसार, जिन श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी हुईं, वे हाथों में जलते दीपक लेकर घुटनों के बल मां के दरबार तक पहुंचे और पूजा-अर्चना की। मंदिर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए। बकेवर थाना प्रभारी विपिन मलिक तथा लखना चौकी प्रभारी राजपाल सिंह पुलिस बल व महिला आरक्षियों के साथ तैनात रहे।दतावली नहर पर मूर्ति विसर्जन स्थल का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण



श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांतिपूर्ण विसर्जन के लिए व्यवस्थाओं का लिया जायजा

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। शारदीय नवरात्रि एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के दतावली नहर स्थित मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपनन कराने पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबीता सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश कुमार सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इटावा पुलिस ने त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

एसएसपी ने अपराध गोष्ठी में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के दिये निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित डीटीयू सभागार में अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लंबित विवेचनाओं के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा आईजीआरएस एवं जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसएसपी ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, नियमित गश्त एवं प्रभावी पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने तथा स्थानीय स्तर पर आवश्यक समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए जिससे जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था अक्षुण्ण बनी रहे। मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम तथा उनकी शिकायतों पर त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। इस क्रम में महिला बीट अधिकारियों, एंटी रोमियो स्क्वाड एवं मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी, उपलब्ध सहायता सेवाओं तथा महिला सुरक्षा हेल्पलाइन के प्रति जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया जाना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त ई-साक्ष्य ऐप, सीसीटीएनएस प्रणाली, एफआईआर लिंकिंग, आई-रेड (सड़क दुर्घटना), ट्रैफिक प्रबंधन, एन-स्टेप/ई-समन तामिला एवं ऑपरेशन कन्विक्शन तथा गैंगस्टर एवं गुंडा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। एसएसपी द्वारा सभी अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं, आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबीता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

रोटरी अरिहंत के 'प्रोजेक्ट नन्ही मुस्कान' से गरीब बस्ती के बच्चों के चेहरे खिले



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद अरिहंत द्वारा मानवीय संवेदनाओं को समर्पित पहल के तहत गरीब बस्ती क्षेत्र में 'प्रोजेक्ट नन्ही मुस्कान' का आयोजन किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उनके बचपन को खेल और आनंद से समृद्ध बनाना था। 'हर बचपन खिले, हर चेहरा मुस्कुराए' के संदेश के साथ क्लब के सदस्यों ने बच्चों को खिलौने भेंट किए। आयोजकों ने कहा कि खिलौना केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बच्चों की कल्पनाशीलता और रचनात्मकता से जुड़ा होता है। एक छोटा सा खिलौना भी बड़ी मुस्कान ला सकता है। रोटेरियन शशांक जैन, संस्थापक एवं सलाहकार के मार्गदर्शन में आयोजित इस परियोजना में समाज के लोगों को जरूरतमंद बच्चों की खुशियों में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया गया। चार्टर अध्यक्ष रो. डॉ. कीर्ति अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना केवल सेवा नहीं, बल्कि उनके बचपन को खुशियों से भरने का प्रयास है। हर व्यक्ति को ऐसे कार्यों में भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष रो. वैभव अग्रवाल के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों ने सपरिवार बच्चों के साथ खुशियाँ बाँटी। चार्टर सदस्य रो. प्रीति जैन ने कहा कि हर बच्चे को खेलने और खुश रहने का अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर पर अतुल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, के.एम. प्रजापति, अंकित अग्रवाल, तुषार गुप्ता, पंकज अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, दीप्ति गुप्ता, अनमोल अग्रवाल, पल्लवी अग्रवाल, इमरान अहमद सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

डीसीएम व कार की आमने-सामने भिड़ंत होने से दो महिलाएं घायल

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत उदी-आगरा मार्ग पर ग्राम मनिकापुरा के पास डीसीएम मिनी ट्रक और स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने भिड़ंत हुई भिड़ंत में कार सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। हादसे में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार पछायगांव निवासी सुधाकर रविवार रात अपनी पतनी लता, बहन और दो वर्षीय बेटे के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से इटावा स्थित काली वाहन माता मंदिर में दर्शन करने गए थे। दर्शन करने के बाद परिवार कार से वापस अपने घर लौट रहा था। उनकी कार उदी चौराहे की ओर से गुजर रही थी। इसी दौरान उदी-आगरा मार्ग पर ग्राम मनिकापुरा के पास आगरा की ओर से आ रहे डीसीएम मिनी ट्रक का पिछला एक्सल टूट गया और टायर फट गया। इससे डीसीएम अनियंत्रित हो गई और कार से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर लगने से कार सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में दो महिलाएं घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलने पर बढ़पुरा थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी उदी भेजा। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कारण बाधित हुए यातायात को सुचारु कराने के लिए डीसीएम को सड़क से हटवाया। इसके बाद मार्ग पर आवागमन सामान्य हो सका।

एचटी लाइन पर एलटी केबिल गिरने से घरों में दौड़ा करंट, गाय की मौत

दीवारों में आई दरारें, बिजली उपकरण जले; चारपाई पर सो रहे परिजन बाल-बाल बचे

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद के अछल्दा- बिधूना मार्ग स्थित बाबा के शाला गांव में शनिवार देर रात एलटी केबिल 33 हजार वोल्ट की लाइन पर गिरने से घरों में करंट दौड़ गया। इससे बिजली उपकरण जल गए और एक गाय की मौत हो गई। गनीमत रही कि चारपाई पर सो रहे परिजन बाल-बाल बच गए। राजवीर सिंह यादव के घर की केबिल एक ओवरलोड ट्रक में उलझकर टूट गई और 33 केवी लाइन पर जा गिरी। इसके बाद घर में करंट फैल गया। सबमर्सिबल, मीटर और पंखे समेत कई उपकरण फुंक गए। दरवाजे जलने के साथ दीवारों और जमीन में दरारें पड़ गईं। परिजनों ने बिजली विभाग को फोन कर आपूर्ति बंद करने की गुहार लगाई। आरोप है कि बिजली नहीं काटी गई। स्थिति गंभीर होने पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर आपूर्ति बंद कराई। चौकी इंचार्ज अजय प्रताप सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। हादसे में घर के पास बंधी गाय की मौत हो गई।



तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, 14 वर्षीय छात्र की मौत,परिवार में मचा कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अछल्दा थाना क्षेत्र के रामपुर वैश्य गांव में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार 14 वर्षीय कक्षा छह के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। गांव के मोड़ पर हुए हादसे में छात्र ट्रैक्टर के अगले पहिये के नीचे आ गया। परिजन उसे इलाज के लिए इटावा ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इकलौते बेटे की मौत की खबर से मां रीना देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। रामपुर वैश्य निवासी उजियारे लाल का पुत्र सौरभ बाइक चला रहा था। उसके साथ चाचा अशोक कुमार का 14 वर्षीय पुत्र शरद भी बैठा था। रविवार को दोनों बाइक से अछल्दा की ओर जा रहे थे। गांव के मोड़ पर पहुंचते ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सौरभ दूर जा गिरा, जबकि शरद ट्रैक्टर के अगले पहिये के नीचे आ गया?। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद शरद को पहिये के नीचे से निकाला गया। परिजन उसे निजी वाहन से इलाज के लिए इटावा ले जाने लगे, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शरद अछल्दा कस्बे के मार्शल हेरोल्ड स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी एक बड़ी बहन डिंपल है। जिस बेटे को परिवार ने बड़े अरमानों से पाला था,उसकी अचानक मौत से घर में चीख-पुकार मच गई। मां रीना देवी बेटे के वियोग में बिलख उठीं। परिवार के लोगों को रोता-बिलखता देख गांव के लोगों की आंखें भी नम हो गईं। परिजन शव लेकर गांव लौटे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, मुन्नलाल, ब्रजकिशोर, रजनीश सिंह और विपिन पाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी है।

भाजपा के स्नातक, शिक्षक मतदाताओं, पन्ना प्रमुखों की बैठक आयोजित

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। सनतक एवं शिक्षक मतदाताओं एवं पनन प्रमुखों सहित पार्टी के संबंधित पदाधिकारियों की पोलिंग सेंटर 187, 187अ सनतक, 111शिक्षक मतदेय स्थल रूरल इंटर कॉलेज महेवा पर पड़ने वाले मत 1884 सनतक वोट, 184 शिक्षक वोट को 23 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक होने वाले मतदान को लेकर बैठक महेवा रघुनाथ वाटिका पर संपनन हुई। मुख्य रूप से गोपाल मोहन शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा व जिला संचालन समिति प्रमुख सनतक ने पनन प्रमुखों को शत प्रतिशत परिणाम लाने के लिए कहा। बाद में भी इस बात की समीक्षा होगी कि पनन प्रमुखों की सूची से कितने वोट पड़े। उन्होंने ने कहा कि एक एक कार्यकर्ता की एक एक वोट से हर सूरत में संपर्क बनाकर मतदेय स्थल तक लाने की जिम्मेदारी है। जिला संचालन समिति सनतक के प्रमुख गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि पनन प्रमुखों की सक्रियता से संपर्क के द्वारा वोटो को डा मानवेंद्र सिंह का प्रथम नंबर पर अंकित नाम तथा इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी दो नंबर पर अंकित नाम के आगे पोलिंग पर उपलब्ध पेन से नाम के आगे खड़ी पाई बनाकर विजयी बनाए। उन्होंने पार्टी जनों को पूरी ताकत के साथ जुटने का आवाहन किया।पूर्व विधायक श्रीमती सावित्री कठेरिया सनतक प्रभारी संयोजक शिक्षक अशोक चौबे, मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, रवींद्र दुबे, दिनेश तिवारी, अरविंद ऋषिश्वर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी पनन प्रमुखों की मौजूदगी रही।मीनाक्षी चौहान ने संचालन किया।

दो बाइकों की आपस में भिड़ंत, चार घायल; पांच वर्षीय बच्ची बाल-बाल बची

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अछल्दा कस्बे के नहर पटरी रोड पर रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए, जबकि बाइक पर सवार पांच वर्षीय बच्ची बाल-बाल बच गई। दो घायलों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें चिचौली रेफर किया, खानपुर,भाग्यनगर निवासी शिवम (17) अपने साथी कुनाल (16) के साथ इटावा की ओर जा रहे थे। वहीं नगला पाठक, फफूंद निवासी संजू (45) अपने पिता मुनीम (65) और भतीजी पिलू के साथ चौबिया, इटावा से लौट रहे थे। तभी दोनों बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी अछल्दा पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. अभिचल पांडेय ने संजू और मुनीम की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें चिचौली रेफर कर दिया। शिवम और कुनाल का प्राथमिक उपचार किया गया। थाना प्रभारी जीतमल चौधरी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

ट्रक की टक्कर से घायल किशोरी की इलाज के दौरान मौत किशोर की हालत गंभीर

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। जनपद के फफूंद औरैया मार्ग पर जल निगम के बोरिंग कार्य में लगे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार किशोर और किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गए थे दोनों को उपचार के लिए चिचौली अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालत में किशोरी को सैफई रेफर कर दिया गया। देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। किशोरी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। नगर के एक मोहल्ले का 17 वर्षीय किशोर बाइक से औरैया जा रहा था। मुरादगंज तिराहे पर उसे कस्बे की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी मिली, जो अपनी रिश्तेदारी में जा रही थी। किशोर ने उसे बाइक पर बैठा लिया। दोनों औरैया मार्ग पर देवपुर और शेरपुर सरैया के बीच पहुंचे,तभी पीछे से आए जल निगम के बोरिंग कार्य में लगे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस से चिचौली अस्पताल भिजवाया गया। हालत गंभीर होने पर किशोरी को सैफई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था, जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक किशोरी की मां रेखा देवी ने ट्रक के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज कराया है।

कार की चपेट में आने से अधेड़ की मौत,चालक फरार

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अछल्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के स्टेशन रोड पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। भोपालपुर गांव निवासी रमेश पुत्र तुलाराम स्टेशन रोड पर लेटे हुए थे। इसी दौरान फाटक की ओर से आई सफेद स्विफ्ट टैक्सी उनके ऊपर चढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद चालक ने गाड़ी रोककर रमेश को सड़क किनारे किया और फिर मौके से भाग निकला। सूचना पर थाना प्रभारी जीतमल चौधरी, उप निरीक्षक ब्रजकिशोर और राशिद खान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दी। रमेश की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पतने सुनीता और बेटी ज्योति का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के परिवार में दो बेटे पवन व पिंटू और चार बेटियां किरण, सोनी, गीता व ज्योति हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

शिक्षक ही शिक्षकों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ सकता है : शिवशंकर पटेल

इलाहाबाद, कौशांबी और हमीरपुर में जनसंपर्क कर स्नातक मतदाताओं से मांगा समर्थन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी । इलाहाबाद-झाँसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी शिवशंकर पटेल ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत इलाहाबाद, कौशांबी और हमीरपुर में स्नातक मतदाताओं, शिक्षकों तथा विभिन्न वर्गों के लोगों से संपर्क कर समर्थन की अपील की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और स्नातकों की समस्याओं, उनके अधिकारों तथा शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

शिवशंकर पटेल ने कहा कि शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं को वही व्यक्ति बेहतर ढंग से समझ सकता है, जिसने स्वयं शिक्षक के रूप में कार्य किया हो और शिक्षा जगत की चुनौतियों को नजदीक से देखा हो। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। शिक्षक समाज की नई पीढ़ी का निर्माण करता है, इसलिए उसके सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करना आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। शिक्षकों, कर्मचारियों और स्नातकों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के साथ ही उनकी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों, भविष्य और क्षेत्र के हितों को ध्यान में रखते हुए योग्य प्रतिनिधि का चयन करें।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, शिवशंकर पटेल ने सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक इलाहाबाद में जनसंपर्क एवं बैठक की। इसके बाद दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक कौशांबी में तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक हमीरपुर में संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्नातक मतदाताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को जाना तथा चुनाव में समर्थन देने की अपील की। शिवशंकर पटेल ने विश्वास जताया कि स्नातक मतदाता शिक्षा, शिक्षक हितों और अपने अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए निर्णय लेंगे। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान मिले सहयोग के लिए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका उद्देश्य स्नातक समाज की समस्याओं को मजबूती से उठाना तथा उनके हितों के लिए निरंतर प्रयास करना है। इस दौरान राकेश ,राजेश सिंह , राजकिशोर विश्वकर्मा, राहुल सिंह, राहुल मौर्या ,विवेक कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, तरुण रायकवार ,गजेंद्र, अजय ,रामलाल, कमलेश ,राजेश सिंह, जीत नारायण, मनोज, राहुल सिंह, अभिषेक सोनकर, प्रभात सिंह, जयशंकर पटेल, राजकुमार पाल ,विनोद कुमार, राधा कृष्ण सिंह ,जितेंद्र कुमार ,विकास, डॉ विजय ,विनोद, बृजेश कुशवाहा सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए डॉ. संदीप सरावगी, मां काली माई की आरती और डांडिया उत्सव में उमड़ा श्रद्धा व उत्साह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। धार्मिक आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के बीच 18 अक्टूबर 2026 को झांसी एवं आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मां महाकाली माई की आरती, महाआरती एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर श्रद्धालुओं के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आरती के उपरांत उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

ग्वालियर रोड स्थित राधिका मंडपम के पीछे मां महाकाली माई की आरती एवं डांडिया उत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कॉलोनी एवं माहौर समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। माता रानी के भजनों पर महिलाओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर आयोजन की रौनक बढ़ाई। कार्यक्रम स्थल पर भक्तिमय वातावरण के साथ धार्मिक उल्लास देखने को मिला। आयोजन में पहुंचे डॉ. संदीप सरावगी का तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने मां महाकाली माई की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

इसी क्रम में श्रीरामलीला एवं श्रीदुर्गा पूजा सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के तत्वावधान में पारीछा आवासीय परिसर, पारीछा (झांसी) में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी डॉ. संदीप सरावगी शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष इं. सुशील सिंह, उपाध्यक्ष इं. वैभव त्रिपाठी एवं सचिव इं. गिरीश सिंह सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन में सहभागिता की। वहीं, टाइम्स इंस्टीट्यूट एवं इवेंट कंपनी की ओर से आयोजित डांडिया नाइट में भी धार्मिक संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच उत्साह का माहौल रहा। इसके अतिरिक्त झोकन बाग स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में झोकन बाग की महारानी की महाआरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इन सभी आयोजनों में आरती, श्रद्धालुओं का स्वागत और प्रसाद वितरण प्रमुख आकर्षण रहे।इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन भारतीय परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। मां दुर्गा और मां काली की आराधना हमें शक्ति, साहस और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ऐसे कार्यक्रमों में महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सराहनीय है। उन्होंने सभी से सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा जरूरतमंदों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।



कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों ने डॉ. संदीप सरावगी के सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संघर्ष सेवा समिति द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्य समाज में सहयोग, मानवता और सद्भाव की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। धार्मिक आयोजनों में उनकी सहभागिता से श्रद्धालुओं में भी उत्साह देखने को मिला।

मां काली माई की आरती एवं डांडिया उत्सव में अमर सिद्ध, अंकित गोस्वामी, हेमंत कुशवाहा, रिंकी कुशवाहा, संजीव विश्वकर्मा, सीमा झा, सिया कुशवाहा, मोहिनी पाल, नैंसी कुशवाहा, प्रथम शाक्या, अनिकेत निरंजन, वरदान गोस्वामी, आकाश विश्वकर्मा, प्रदीप झा, ईशानी विश्वकर्मा, इशिता विश्वकर्मा, बबली कुशवाहा, सचिन कुशवाहा, राहुल परिहार, आर्यन कुशवाहा एवं नरेंद्र राजपूत सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। टाइम्स इंस्टीट्यूट एवं इवेंट कंपनी की डांडिया नाइट में चित्रांग द्विवेदी, गुंजन द्विवेदी, राजेश साहू, अनीता सिंह, महक सेन, नैना चौधरी, लोकेश, सृष्टि, कार्तिक, अनामिका, सिया, सिद्धार्थ, शिवम, नितेश, नंदिनी, सौरभ, संदीप नामदेव एवं नितिन सहित अन्य आयोजकों और सहयोगियों का योगदान रहा।सभी कार्यक्रमों का समापन माता रानी के जयकारों, आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

स्वच्छता पखवाड़े के तहत रेलवे अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर, कर्मचारियों की हुई जांच

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार, 19 अक्टूबर को मंडल रेलवे अस्पताल, झांसी में रेलवे के ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप स्वरूप मिश्रा एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (प्रशासन) डॉ. सुनीता तिर्की के नेतृत्व में आयोजित शिविर में कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।शिविर के दौरान कर्मचारियों की ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। जांच में प्राप्त परिणामों के आधार पर जरूरत के अनुसार कर्मचारियों को चिकित्सकीय सलाह और उपचार प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर से संबंधित समस्याओं, इनके संभावित दुष्परिणामों, बचाव के उपायों और समय पर उपचार कराने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।चिकित्सा टीम ने कर्मचारियों को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित दिनचर्या अपनाने और किसी भी स्वास्थ्य समस्या को नजरअंदाज न करने की सलाह दी। शिविर का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा बीमारियों की समय रहते पहचान कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराना रहा। इस पहल के माध्यम से रेलवे कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

शिविर में डॉ. राजेश, सहायक नर्सिंग अधिकारी सुनीता अहमद, मुख्य नर्सिंग अधीक्षक आइलिन लाल, गीता चौधरी, जगमोहन बागड़ी, एमएचए आकाश सहित अन्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

नेता जी को 'शेर नहीं, गीदड़' बताने वालों पर भड़कीं रेखा यादव, बोलीं–यह ओछी राजनीति की पराकाष्ठा

बड़ागांव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के कथित अमर्यादित बयान पर सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव ने जताई कड़ी नाराजगी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव रेखा यादव ने बड़ागांव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की ओर से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता के संबंध में कथित तौर पर की गई अमर्यादित टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन किसी भी नेता के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने इसे ओछी राजनीति करार देते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को अपनी भाषा और व्यवहार की गरिमा बनाए रखनी चाहिए।रेखा यादव ने कहा कि नेता जी को शेर नहीं, गीदड़ बताने जैसी टिप्पणी करना राजनीतिक शिष्टाचार के विपरीत है। विचारों और नीतियों के आधार पर विरोध करना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन व्यक्तिगत अपमान के जरिए अपनी बात रखने की कोशिश करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीति में असहमति हो सकती है, मगर भाषा ऐसी होनी चाहिए जिससे समाज में स्वस्थ राजनीतिक संवाद की परंपरा मजबूत हो।सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के नेता के प्रति इस तरह की टिप्पणी करना संबंधित व्यक्ति की राजनीतिक सोच और संस्कारों को दर्शाता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता और कार्यकर्ता नेताओं के काम, विचारों तथा नीतियों के आधार पर उनका मूल्यांकन करते हैं। ऐसे में अपमानजनक शब्दों का सहारा लेने के बजाय विकास, जनसमस्याओं और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जानी चाहिए।



रेखा यादव ने कहा कि राजनीतिक बयानबाजी में मर्यादा बनाए रखना सभी दलों की जिम्मेदारी है। सार्वजनिक मंचों से दिए जाने वाले बयानों का समाज पर प्रभाव पड़ता है, इसलिए जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक पदाधिकारियों को सोच-समझकर अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने कथित टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को व्यक्तिगत कटाक्ष और अपमान का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं के सम्मान के मुद्दे पर अपनी आवाज उठाती रहेगी। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद एक-दूसरे के प्रति सम्मान बनाए रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने संबंधित बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जनता भी इस तरह की भाषा और राजनीतिक व्यवहार का आकलन करती है।

जन्म की तिथि पर रानी को नमन करते हुए दी 19 की सलामी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी । मानव विकास संस्थान के तत्वावधान में इंजीनियर पी एन गुप्ता की अध्यक्षता, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉ वी वी आर्या के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रीय कन्वेनर डॉ अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य व इंजीनियर पुरुषोत्तम गुप्ता के कार्यक्रम संयोजन में रानी लक्ष्मीबाई के जन्मतिथि पर उन्हें नमन करते हुए सलामी दी गई।आरम्भ में संयोजक ने मुख्य अतिथि का वेज लगाकर स्वागत किया तदुपरांत चेयरपर्सन डॉ केश गुप्ता ने रानी झांसी के कृतित्व व शौर्य की गाथा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने रानी झांसी की वीरता की कहानी आगामी पीढ़ी के संज्ञान में लाने के ऐसे कार्यक्रम की सराहना करते हुए संस्थान को साधुवाद दिया। रानी झांसी अमर रहें - अमर रहें , रानी तेरा वो बलिदान याद करेगा हिंदुस्तान व वन्देमातरम से वातावरण गुंजायमान हो गया।



इस अवसर पर विष्णु दयाल अग्रवाल , राजेश कुमार अग्रवाल , अजय श्रीवास्तव , रामाधीन यादव , राजू अग्रवाल के अतिरिक्त आम जन ने भी रानी को सलामी दी। कार्यक्रम का संचालन कोर कमेटी चेयरमैन डॉ ध्रुव सिंह यादव ने करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

तिथि पर रानी को नमन करते हुए दी 19 की सलामी

मानव विकास संस्थान के तत्वावधान में इंजीनियर पी एन गुप्ता की अध्यक्षता, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉ वी वी आर्या के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रीय कन्वेनर डॉ अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य व इंजीनियर पुरुषोत्तम गुप्ता के कार्यक्रम संयोजन में रानी लक्ष्मीबाई के जन्मतिथि पर उन्हें नमन करते हुए सलामी दी गई।

आरम्भ में संयोजक ने मुख्य अतिथि का वेज लगाकर स्वागत किया तदुपरांत चेयरपर्सन डॉ केश गुप्ता ने रानी झांसी के कृतित्व व शौर्य की गाथा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने रानी झांसी की वीरता की कहानी आगामी पीढ़ी के संज्ञान में लाने के ऐसे कार्यक्रम की सराहना करते हुए संस्थान को साधुवाद दिया। रानी झांसी अमर रहें - अमर रहें , रानी तेरा वो बलिदान याद करेगा हिंदुस्तान व वन्देमातरम से वातावरण गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर विष्णु दयाल अग्रवाल , राजेश कुमार अग्रवाल , अजय श्रीवास्तव , रामाधीन यादव , राजू अग्रवाल के अतिरिक्त आम जन ने भी रानी को सलामी दी। कार्यक्रम का संचालन कोर कमेटी चेयरमैन डॉ ध्रुव सिंह यादव ने करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

नकली सिगरेट फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो करोड़ का माल बरामद

तीन मशीनों से तैयार हो रही थीं नामी कंपनियों के ब्रांड वाली नकली सिगरेट, 63 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। महानगर के नवाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने नकली सिगरेट बनाने के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। गुमनावारा-पिछोर स्थित महाराणा प्रताप नगर में एक गोदाम और फैक्ट्री पर छापेमारी कर पुलिस ने करीब दो करोड़ रुपये कीमत का नकली सामान, भारी मात्रा में तंबाकू और सिगरेट बनाने वाली मशीनें बरामद की हैं। मौके से 63 वर्षीय आरोपी श्रीनिवास मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, आईटीसी कंपनी की ओर से पुलिस को शिकायत दी गई थी कि नामी ब्रांडों के नाम और पैकेजिंग का इस्तेमाल कर नकली सिगरेट तैयार की जा रही हैं और उन्हें बाजार में असली उत्पाद बताकर बेचे जाने की आशंका है। शिकायत के आधार पर पुलिस और कंपनी की टीम ने महाराणा प्रताप नगर स्थित गोदाम एवं फैक्ट्री में छापेमारी की। तलाशी के दौरान वहां सिगरेट बनाने वाली तीन बड़ी मशीनें चालू हालत में मिलीं। इन मशीनों के जरिए तंबाकू से सिगरेट तैयार की जा रही थीं।



छापेमारी के दौरान पुलिस ने तंबाकू के 81 बड़े बोरे, सिगरेट के रैपर, खाली पैकेट, फिल्टर रोल और नामी कंपनियों के ब्रांड की पैकेजिंग से जुड़ी सामग्री बरामद की। बरामद सामग्री में गोल्ड फ्लेक, विल्स फ्लेक और रॉयल स्कट जैसे ब्रांडों के नाम से संबंधित पैकेजिंग भी शामिल बताई गई है। कंपनी के तकनीकी विशेषज्ञों ने मौके पर बरामद सामग्री की जांच की। प्रारंभिक जांच में सिगरेट और पैकेजिंग सामग्री के नकली होने की बात सामने आई।पुलिस के अनुसार, बरामद माल की अनुमानित बाजार कीमत करीब दो करोड़ रुपये है। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार की मौजूदगी में अवैध सामग्री जब्त की गई और संबंधित गोदाम एवं फैक्ट्री को सील कर दिया गया। गिरफ्तार आरोपी श्रीनिवास मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि फैक्ट्री में तैयार नकली सिगरेट की आपूर्ति किन-किन क्षेत्रों में की जाती थी और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोग कौन हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि अवैध कारोबार के पीछे किसी बड़े नेटवर्क या गिरोह की भूमिका तो नहीं है। पुलिस के मुताबिक, जांच के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

झांसी स्टेशन पर 2.55 करोड़ के चांदी के आभूषण बरामद, एक व्यक्ति पकड़ा

आरपीएफ की क्राइम विंग और स्टेशन पोस्ट की संयुक्त कार्रवाई, 133.17 किलोग्राम चांदी जीएसटी विभाग को सौंपी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। आगामी त्योहारों के मद्देनजर रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की जांच के दौरान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की क्राइम विंग झांसी और वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पोस्ट की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने 19 अक्टूबर को ट्रेन संख्या 20806 एपी एक्सप्रेस से चार सफेद प्लास्टिक के बोरों में रखे 133.17 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए। इनकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 55 लाख 31 हजार 628 रुपये बताई गई है। मामले में एक व्यक्ति को पकड़कर आगे की कार्रवाई के लिए राज्य कर विभाग (जीएसटी), झांसी को सौंप दिया गया।

रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में मुरैना एवं ग्वालियर आरपीएफ पोस्ट और क्राइम विंग ग्वालियर से मिली सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने ट्रेन की जांच की। इस दौरान चार बोरों में चांदी के आभूषण डिब्बों और पन्नी सहित रखे मिले। टीम ने आभूषणों को बरामद कर संबंधित व्यक्ति को पकड़ लिया।पकड़े गए व्यक्ति की पहचान नारद तोमर (22 वर्ष), पुत्र हनुमंत तोमर, निवासी ग्राम मोटिन, थाना अमोला, जिला शिवपुरी, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। बरामद चांदी का कुल वजन 133.17 किलोग्राम पाया गया। इसकी बताई गई कीमत अनुमानित है, जबकि वास्तविक मूल्य का निर्धारण अधिकृत टंच संस्था से मूल्यांकन कराए जाने के बाद किया जाएगा।

कार्रवाई के बाद राज्य कर विभाग, झांसी की सचलदल पंचम इकाई के सहायक आयुक्त को सूचना दी गई। उनके आरपीएफ पोस्ट पहुंचने पर आवश्यक वजन संबंधी प्रक्रिया पूरी कर बरामद चांदी और संबंधित व्यक्ति को सुपुर्द कर दिया गया। अब जीएसटी विभाग मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई करेगा।

इस संयुक्त अभियान में क्राइम विंग झांसी से निरीक्षक ओम प्रकाश सहित आरपीएफ के जवान तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पोस्ट के निरीक्षक बबलू कुमार, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव, उपनिरीक्षक अंकित कुमार और अन्य जवान शामिल रहे। ग्वालियर पोस्ट एवं क्राइम विंग ग्वालियर के कर्मियों ने भी सहयोग किया।

आरपीएफ द्वारा त्योहारों के मद्देनजर रेल परिसर और ट्रेनों में निगरानी बढ़ाई गई है। अधिकारियों के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की जांच की जा रही है, ताकि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के साथ यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



रामनवमी पर हिंदू रक्षा दल का द्वितीय विशाल भंडारा, कन्या पूजन के बाद कन्याओं को वितरित किए शस्त्र

शिक्षा, संस्कार और आत्मरक्षा का ज्ञान जरूरीः शैंकी शर्मा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। रामनवमी के शुभ अवसर पर हिंदू रक्षा दल परिवार की ओर से शिव मंदिर, घास मंडी, मुजफ्फरनगर में द्वितीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधि-विधान के साथ कन्या पूजन किया गया। इसके बाद संगठन की ओर से देवी स्वरूप कन्याओं को प्रतीकात्मक रूप से शस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज में महिलाओं और बच्चियों के प्रति बढ़ते अपराधों को देखते हुए बच्चों को शिक्षा और संस्कारों के साथ-साथ आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना भी आवश्यक है। संगठन ने कहा कि सनातन परंपरा में देवी-देवताओं और मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों को शक्ति के प्रतीक के रूप में दर्शाया गया है। इसी भावना से बच्चों में साहस, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश



दिया गया। हिंदू रक्षा दल के जिलाध्यक्ष शैंकी शर्मा ने कहा कि हिंदू समाज को अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ धर्म, संस्कृति और आत्मरक्षा का ज्ञान भी देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने के साथ उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने धार्मिक परंपराओं के सम्मान और समाज में महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम में हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पवार, शिवसेना पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, छत्रपति शिवाजी सेना के अध्यक्ष अर्चित आर्य, भाजपा नेता विभोर सिंघल तथा मंदिर समिति से जुड़े संजय सक्सेना सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बजरंगी सेना के अध्यक्ष सुमित बजरंगी, हिंदू रक्षा दल के नगर अध्यक्ष आशीष शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष हेमंत शर्मा, जिला सुरक्षा प्रमुख सूरज त्यागी, जिला उपाध्यक्ष कपिल कश्यप (युवा), जिला सचिव अभिषेक शर्मा, अंकित बालियान, विवेक शर्मा, विशाल शर्मा, मोहित शर्मा, प्रज्वल पाल, मोहित चौधरी पुरबालियान, बॉबी उपाध्याय, हिमांशु धीमान, रजनीश कुमार और राजन सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन धार्मिक आस्था और सामाजिक सुरक्षा के संदेश के साथ हुआ। आयोजकों ने कहा कि बच्चों में शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और आत्मरक्षा की भावना विकसित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

स्टोन क्रेशर में चोरी का खुलासा, 3 शातिर चोर गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने स्टोन क्रेशर से हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 3 शातिर नकबजन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का माल भी बरामद किया है। दिनांक 04.10.2026 को वादी हरीश शर्मा पुत्र निरंजन शर्मा निवासी वेद विहार कॉलोनी देवबंद ने थाना बिहारीगढ़ में तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों ने स्टोन क्रेशर की दीवार तोड़कर सामान चोरी कर लिया है। इस संबंध में थाना बिहारीगढ़ पर मु.अ.सं. 172/26 धारा 331(4)/305(ँ)ऱ के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस कार्रवाईः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चोरी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।पुलिस ने कस्बा बिहारीगढ़ से 3 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कियाः1. सुलेमान पुत्र इस्तयाक निवासी ग्राम मोहण्ड2. आफाक पुत्र अशवाक निवासी ग्राम मोहण्ड3. टिंकू पुत्र काशीराम निवासी खुशहालीपुर खुर्दअभियुक्तों के कब्जे से 4 किलो 800 ग्राम तांबे का तार, 01 ट्रॉली का जैक, 100 किलोग्राम जा-प्लेट और घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया गया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2)ँए की वृद्धि की गई और थाना बिहारीगढ़ पर मु.अ.सं. 181/26 धारा 303(2)/317 (2)ँए के तहत नया मुकदमा भी दर्ज किया गया है। सभी अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

रामलीला में लक्ष्मण-मेघनाद घोर युद्ध तथा लक्ष्मण शक्ति की लीलाओं का रोमांचक एवं भावपूर्ण मंचन

कलाकारों के सशक्त अभिनय और युद्ध के दृश्यों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया

प्रातःकाल एक्सप्रेस



देवबंद (सहारनपुर)। श्री रामा मंडल रामलीला सेवा ट्रस्ट, देवबंद के तत्वावधान में आयोजित रामलीला महोत्सव में लक्ष्मण-मेघनाद घोर युद्ध तथा लक्ष्मण शक्ति की लीलाओं का रोमांचक एवं भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों के सशक्त अभिनय और युद्ध के दृश्यों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान श्रीराम की वानर सेना और रावण की राक्षस सेना के बीच भीषण युद्ध का मंचन किया गया। इसी दौरान रावण के पुत्र मेघनाद ने युद्धभूमि में पहुंचकर लक्ष्मण जी को चुनौती दी। दोनों के बीच घोर संग्राम हुआ, जिसमें लक्ष्मण जी ने अदम्य वीरता और पराक्रम का परिचय दिया। युद्ध के दौरान मेघनाद ने अपनी मायावी शक्तियों का प्रयोग करते हुए लक्ष्मण जी पर शक्तिबाण चला दिया। शक्तिबाण लगने से लक्ष्मण जी मूर्छित होकर भूमि पर गिर पड़े। उन्हें इस अवस्था में देखकर भगवान श्रीराम अत्यंत व्याकुल हो उठे। भ्रातृप्रेम और करुणा से ओतप्रोत इस प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इसके पश्चात वैद्य सुषेण द्वारा लक्ष्मण जी के उपचार के लिए संजीवनी बूटी लाने का उपाय बताया गया। हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने के प्रसंग ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। श्री रामा मंडल रामलीला सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस रामलीला महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे। बारहवें दिन की लीला के यजमान रामलाल शर्मा-श्रीमती अनिता शर्मा रहे। इस अवसर पर देवीदयाल शर्मा, राजीव गुप्ता, विनय कुच्छल, विनय गुप्ता, हरिओम सिंघल, मनोज नामदेव, निशांत मित्तल, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत मोन्ट फोर्ट स्कूल गागलहेड़ी की छात्रा कशिश चौधरी बनीं एक दिन की थाना प्रभारी

महिला सशक्तिकरण की दिशा में गागलहेडी पुलिस की एक प्रेरणादायक पहल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर?। (गागलहेड़ी)। मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत थाना गागलहेड़ी, सहारनपुर में मोन्ट फोर्ट स्कूल, गागलहेड़ी की छात्रा कशिश चौधरी को एक दिन के लिए थाना प्रभारी बनाया गया। इस पहल के माध्यम से छात्रा को पुलिस की कार्यप्रणाली समझने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा महिला सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार एवं उनके स्टाफ द्वारा कशिश चौधरी को अपने वाहन से थाने लाया गया। थाने पहुंचने पर पुलिसकर्मियों ने उन्हें सैल्यूट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया तथा गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। एक दिन की थाना प्रभारी बनीं कशिश चौधरी ने पूरे थाने का निरीक्षण किया और पुलिस की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं को भी सुना। गांव पाली एवं गांव खजूरी की महिलाओं ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। कशिश चौधरी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनका नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मोन्ट फोर्ट स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती चारू जैन भी उपस्थित रही।



प्रधानाचार्या चारू जैन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में मिशन शक्ति एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे महिलाओं में जागरूकता बढ़ रही है और वे अपनी सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति अधिक सजग हो रही हैं। प्रधानाचार्या चारू जैन ने थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार एवं समस्त पुलिस स्टाफ के सहयोग और सराहनीय व्यवहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश पुलिस की मित्रवत छवि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से और मजबूत हुई है। इससे छात्राओं के मन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं मित्रता का भाव विकसित होता है अब वे अपनी समस्याएं बिना किसी डर व झिझक के पुलिस को बता सकती हैं तथा उन्हें भविष्य में पुलिस अधिकारी बनकर देश और समाज की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है।

शांति व्यवस्था भंग करने पर 5 गिरफ्तार, ँएए के तहत कार्रवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध रोकथाम और कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार कौशिक के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कि गिरफ्तार अभियुक्तों में पहचान 1. रुपेश गुप्ता पुत्र रामकुमार गुप्ता निवासी मोहल्ला काहरान, खालापार2. सचिन रोहिला पुत्र राजवीर रोहिला निवासी तिलक नगर, पुरानी चुंगी3. उस्मान पुत्र शमशाह निवासी किला नवाबगंज लिंक रोड4.अफजल पुत्र रईश निवासी किला नवाबगंज लिंक रोड5. ताहिर पुत्र इस्तकार निवासी कमालपुर, जिला हापुड़ (हाल निवासी रसूलपुर) पुलिस के अनुसार सभी आरोपी सड़क पर बेवजह आने-जाने वाले लोगों से गाली-गलौच कर फसाद पर आमादा थे,

गांव दूधली में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का शक्ति संचलन, मुख्य वक्ता रहीं कविता सैनी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में आज गांव दूधली में शक्ति संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, साहस, संगठनात्मक एकता और सामाजिक जागरूकता की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में कविता सैनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं की भूमिका, नारी शक्ति के महत्व तथा समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। गांव दूधली में आयोजित इस शक्ति संचलन के माध्यम से संगठन की एकजुटता और नारी शक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। मुख्य वक्ताः कविता सैनी आयोजकः विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी स्थानः गांव दूधली, मुजफ्फरनगर।

रामलीला में कुम्भकर्ण व मेघनाथ वध का मंचन

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। नगर के पीठ मैदान स्थित एकता मंच पर चल रहे वार्षिक श्रीरामलीला महोत्सव में बुधवार को कुम्भकर्ण व मेघनाथ वध की लीला का सुन्दर मंचन किया गया। कुम्भकर्ण की भूमिका में विकास प्रजापत ने प्रभावशाली अभिनय किया। वहीं, मेघनाथ बने राहुल और लक्ष्मण बने रोहित के बीच हुए युद्ध ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मेघनाथ वध के बाद सलोचना के सती होने के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन राकेश सिंह पिपन ने किया। इस दौरान समाजसेविका रेणु माता ने श्री रामलीला कमेटी को भव्य आयोजन की बधाई दी और उन्हें सरसावा होने वाली भागवत कथा के लिए आमंत्रित किया। संचालन आकाश काशी ने किया। इस दौरान चौधरी देवी सिंह, मीनाक्षी सैनी, तारा चंद सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग व सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

मानसी बनी बैडमिंटन अंडर इलेवन की विनर

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। क्षेत्र के गांव निवासी मनस्वी रावल ने बैडमिंटन राजकीय प्रतियोगिता अंडर इलेवन डबल्स में विनर बनकर गोल्ड मैडल हासिल किया है। ग्राम सीकरी गुर्जर निवासी प्रीतम सिंह की पौत्री मनस्वी रावल ने जिला बदायूँ में आयोजित राज्य बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंडर इलेवन डबल्स के फाईनल मुकाबले में विनर बनकर गोल्ड मैडल हासिल किया है। मनस्वी द्वारा हासिल की गई उपलब्धि से ग्राम वासियों में हर्ष की लहर है। परिजनों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर हर्ष जताया है। बता दें कि मनस्वी के दादा प्रीतम सिंह पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। जो कि वरिष्ठ पत्रकार चौधरी धीरज सिंह के भाई है। पत्रकार चौधरी धीरज सिंह सहित क्षेत्र के अन्य पत्रकारों ने बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मनस्वी रावल अब छत्तीसगढ मे होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करेंगी।

देवबंद : डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर सय्यद वजाहत शाह का किया सम्मान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवबंद (सहारनपुर)।उस्मानी तहक़ीक़ी व तसनीफी इदारे देवबंद की ओर से महमूद हाल में वर्ल्ड कल्चरल एंड एजुकेशन आर्गेनाइजेशन देहली द्वारा शिक्षा एवं लेखन के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए सय्यद वजाहत शाह को हॉनररी डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए शैख़ उल क़ुर्रा क़ारी अबुल हसन आज़मी ने कहा के 'ज़िन्दगी बामक़सद होनी चाहिए तभी आप दुनिया और आख़रत मे सुर्ख रूह हो सकते हैं। बेहतर फैसलों, कोशिशों के कामयाब परिणाम होते हैं, यही सब वजाहत शाह ने किया और उन्हें यह सम्मान मिला। मुख्य अतिथि नामवर शायर डॉक्टर नवाज़ देवबंदी ने कहा के 'शाह परिवार के लिए यह गर्व का विषय है कि उसकी चौथी पीढ़ी भी शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र मे अमूल्य और निरंतर सेवाएं दे रही है। हज़रत अल्लामा सय्यद अनवर शाह कश्मीरी रह. का लगाया हुआ इल्मी दरख़त आज भी हरा -भरा है, सय्यद वजाहत शाह ने लेखन के क्षेत्र में हर विषय पर लिखने मे सक्षम है,वो हर मुद्दे पर बेबाक लिखते हैं। वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता, व्यापारी नेता दीपक राज सिंघल, स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक साद सिद्दीक़ी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहत ख़लील सिद्दीक़ी,ज़रार बेग, अध्यापक शादाब ख़ान और इस्लाम उर रहमान ने अपने विचारों में सय्यद वजाहत शाह की शिक्षण, लेखन और सामाजिक कार्यों का उल्लेख करते हुए सामूहिक रूप से सराहना की।कार्यक्रम का आरम्भ क़ारी अबुल हसन आज़मी की तिलावत से हुआ। संचालन अब्दुर रहमान सैफ ने किया ।संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र और शाल भेंट की गई। वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता, पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सबा सिद्दीक़ी, अध्यापक इस्लाम उर रहमान ने भी व्यक्तिगत रूप से सम्मान किया। कार्यक्रम के आयोजन मे उमर इलाही उस्मानी, अब्दुर रहमान सैफ और नबील मसूदी की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर मुस्लिम फंड के प्रबंधक सुहैल सिद्दीक़ी,इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य औसाफ,ताहिर हसन शिब्ली,अंसार मसूदी,



नसर इलाही उस्मानी, डॉक्टर काशिफ अख़्तर, डॉक्टर सुहैल, शायर ज़की सिद्दीक़ी, मंसर अज़ीम उस्मानी, नजम अहमद सिद्दीक़ी, शाह फैसल मसूदी, उमेर इलाही उस्मानी,सरवर उस्मानी आदि उपस्थित रहे।

आरजी होलसेल शोरूम का भव्य शुभारंभ

पुरानी घास मंडी में आरजी होलसेल शोरूम का हुआ शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। पुरानी घास मंडी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर महामंत्री एवं वरिष्ठ हिंदू नेता मनीष बंसल के प्रतिष्ठान आरजी होलसेल(ँ उं्दर्तेत) शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शहर के जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों, भाजपा नेताओं, व्यापारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर मनीष बंसल को शुभकामनाएं दीं।शोरूम का उद्घाटन नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, सीओ सिटी राजू साव, नगर कोतवाल बिरजेश शर्मा, भाजपा नेता सचिन सिंघल, हिंदू नेता नरेंद्र पवार उर्फ साधू, राष्ट्र चेतना मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, व्यापारी नेता प्रमोद मित्तल, हरेन्द्र शर्मा एवं कोऑपरेटिव बैंक के सभापति ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मनीष बंसल को नए प्रतिष्ठान की शुरुआत पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं व्यापार में निरंतर उननति की कामना की। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, व्यापारिक गतिविधियों और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला।शुभारंभ समारोह में हिंदू शक्ति दल के पदाधिकारियों के साथ राष्ट्र जन चेतना मंच के जिलाध्यक्ष अमित गोयल, युवा जिलाध्यक्ष वत्सल शर्मा, सतीश कौशिक, सुनील वर्मा, शशिराज गुप्ता एवं अंकुर गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया गया। शोरूम के शुभारंभ पर उपस्थित लोगों ने मनीष बंसल को बधाई देते हुए प्रतिष्ठान की सफलता और कारोबार में निरंतर प्रगति की कामना की।



मिशन शक्ति टीम ने शातिर बदमाश को दबोचा, अवैध तमंचा बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत थाना नानौता की मिशन शक्ति टीम ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष विकास चारण के नेतृत्व में टीम ने चेकिंग और गश्त के दौरान अभियुक्त मो. अली उर्फ गुड्डू पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला चाहमंजली कोट, थाना नानौता को शुगर मिल खंडहर से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर बरामद हुआ है। इस संबंध में थाना नानौता पर मु.अ.सं. 263/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अभियुक्त को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

स्नातक श्ण्ण चुनावः सपा ने झोंकी ताकत, पेपर लीक-ध्झए समेत कई मुद्दों पर मांग रहे समर्थन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद-झांसी खंड सनतक निर्वाचन क्षेत्र से सपा उम्मीदवार डॉ. मानसिंह यादव को जिताने के लिए समाजवादी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है।प्रत्याशी डॉ. मानसिंह यादव ने जनपद की सभी तहसीलों में भ्रमण कर अधिवक्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने सपा सरकार में अधिवक्ताओं के हितों के लिए किए गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में सपा सरकार बनने पर एडवोकेट रोल की स्थापना की जाएगी। उन्होंने युवाओं को रोजगार, पेपर लीक पर स्थायी रोक, पुरानी पेंशन, अगिन्वीर भर्ती और आउटसोर्सिंग की जगह सरकारी पदों पर नियमित भर्ती जैसे मुद्दों पर जनसमर्थन की अपील की।यमुनापार के सिरसा में आयोजित सभा में वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने कहा कि समाजवादी विचारधारा से ही देश में सौहार्द और तरक्की आ सकती है। उन्होंने कहा कि डॉ. मानसिंह सदन में हमेशा बेरोजगारों, शिक्षकों और शिक्षामित्रों के हक की आवाज उठाते है, इसलिए उनका सदन में रहना जरूरी है। शहर के करेली में पूर्व विधायक हाजी परवेज के आवास पर हुई बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह चुनाव आगामी 2027 का आगाज होगा। लेजर ग्रीन गेस्ट हाउस में भूपेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रबुद्धजनों के बीच भी समर्थन की अपील की गई।सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार हंडिया में विधायक हाकिम लाल बिंद, प्रतापपुर में विधायक विजमा यादव, सोरांव में विधायक गीता शास्त्री और मेजा में विधायक संदीप पटेल के नेतृत्व में प्रचार जोरों पर है। जहां सपा विधायक नहीं है, वहां पूर्व प्रत्याशियों और वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। गंगापार अध्यक्ष अनिल यादव, यमुनापार महासचिव इंजी. जगदीश यादव और महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन के नेतृत्व में कार्यकर्ता घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचा रहे है।